# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025





ASIAN NEWS
VOICE OF PEOPLE
NEWS PLUS 21
आपके हक की बात
एशियन न्यूज एवं न्यूजप्लस 21 प्रस्तुत करता है...
मध्य भारत का सबसे सफल रास गरबा
LBT EVENTS AND PROMOTIONS
RAIPUR HOMES
"EK PRAYAS TO FULFILL YOUR DREAMS"
RAIPUR BUILDER
SUMEET JEWELLERS
शुभम के मार्ट
SPONSORED BY
ASHTVINAYAKA REALTIES
SAGAR TMT & PIPES
मजबूती और विश्वास का नया नाम...
A PRODUCT OF PANKAJ GROUP...
CO-SPONSORED BY
RLVT ELEVATOR PVT. LTD.
ITSA HOSPITALS
Present's
POWERED BY
SINGHANIA BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993
POWERED BY
SHRI SWASTIK GROUP
Asian News
रास गरबा उत्सव
2025
रास गरबा 2024
के अपार सफलता के बाद
हम लौट रहे हैं फिर से...
इस बार और भी भव्य,
और भी खास!
VENUE HOSPITALITY PARTNER
omaya
maira RESORT AND CONVENTION CENTRE
OMAYA GARDEN RESORT
VIP ROAD, RAIPUR
9981699812
9109909243
9039052913
SEP 25
SEP 26
SEP 27
SEP 28
SEPTEMBER 2025
7PM ONWARDS
लेकर आ रहे हैं
मध्य भारत का सबसे सफल
रास गरबा
इस बार नए स्थान में
Indian Idol
Torsha Sarkar
ZEE TV
SA RE GA MA PA
Riya Bhattacharya
Ishaan
Bollywood singer
PASSES AVAILABLE ON
• Asian News Head Office
First Floor, Harshit Corporate, Amanaka
• Singhania Sarovar Portico
NEAR AIIMS, RAIPUR
• Gagan Mobile
Main Road, Danganiya, Raipur
• Raipur Homes
4th Floor, Currency Tower, VIP Road, Raipur
• Shree KVL Homeopathy
Mahadev Ghat Road, Sunder Nagar
• Car Decor
Maruti Business Park, G.E. Road, Raipur
• ITSA Hospital
Saddu, Raipur, Chhattisgarh
• Radha Marketing
Sadar Bazar, Raipur
• Vishwabharti Automobiles
Vidhan Sabha Road, Mowa, Raipur
Scan this QR to
Follow & Subscribe
YouTube
Instagram
IN ASSOCIATION WITH
SHREE NARAYANA HOSPITAL
MARUTI SUZUKI ARENA & NEXA
Vishwabharti Automobiles Pvt. Ltd.
ASSOCIATED BY
Valley Stone
श्री KVL HOMOEOPATHY
SUPPORTED BY
चुस्की
SHOORVIR
कार डेकोर
OM HOSPITAL
SHRI RAM IMAGING & DIAGNOSTIC CENTER
INTERIOR PARTNER
TRIDENT
EDUCATION PARTNER
MATS UNIVERSITY
CULTURAL PARTNER
Sindhi Council of India
Chhattisgarh Region
EVENT MANAGEMENT BY
BCR
GIFT PARTNER
GAGAN MOBILE
Radha Marketing
RGL
NARESH
ADITYA ASSOCIATE
LAXMI DEVELOPERS
राजस्थानी गृहस्थी
PHOTOGRAPHY PARTNER
ABR Production
HOSPITALITY PARTNER
SINGHANIA SAROVAR PORTICO
raipur
A SAROVAR HOTEL
FUEL PARTNER
SINGHANIA FUELS
PRINT PARTNER
VP PROMOTER
PRINTING SOLUTION
CHANNEL AVAILABLE ON
TATA PLAY 1165
Jio tv 1174
OTT PLATFORM
fire tv stick
dailyhunt
eBaba
ZENGA TV
TATA PLAY BINGE

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025










## राहुल के बयान से गरमाई सियासत, विपक्ष बोला- यह लोकतंत्र विरोधी मानसिकता

# जेन-जेड में राहुल ने ढूंढा बदलाव, भाजपा भड़की, कहा- उनकी भाषा अर्बन नक्सली जैसी

बिहार चुनाव में इस बार विपक्ष द्वारा वोट चोरी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सबसे ज्यादा इसका जिक्र किया है। अभी तक तो राहुल गांधी का हमला सिर्फ वोट चोरी तक सीमित था, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपने इस मुद्दे के साथ जेन जेड समाज को भी जोड़ दिया है। उन्होंने भरोसा जताया है कि देश का जेन जेड ना सिर्फ इस मुद्दे को उठाएगा बल्कि वही अब देश के संविधान की भी रक्षा करेगा। राहुल गांधी के इस बयान के बाद सियासत गरमा गई है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि राहुल गांधी, अखिलेश, स्टालिन, ममता, लालू प्रसाद या तेजस्वी यादव जैसे परिवारवादी देश छोड़ते नजर आएंगे।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली**

भाजपा ने इसे राहुल की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता करार दिया है। आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल समेत पूरे विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एक गरीब परिवार से आते हैं। वहीं विपक्ष के नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये सभी अभिजात्य वर्ग और उच्च समाज, भाई भतीजावादी लोग हैं, जो कि गांव से आने वाले व्यक्तियों से संबंध तक नहीं बना पाते हैं। वे पीएम का सम्मान नहीं करते। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जैसी मानसिकता वाला विपक्ष का नेता कभी नहीं हुआ। वे सोरोस फाउंडेशन के साथ मिलकर देश को टुकड़ों में बांटने का काम ▶▶।शेष पेज 7 पर



### दो वोटर मिटाओ और सो जाओ : राहुल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगातार दूसरे दिन 'वोट चोरी' और 'वोट हटाने' के मामले पर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शुक्रवार को कहा, 'चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा। राहुल ने एक्स पर वीडियो क्लिप शेयर की। कैप्शन में लिखा- सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ- ऐसे भी हुई वोट चोरी! इससे पूर्व उन्होंनें आरोपों के समर्थन में कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया।

### राहुल का दिमाग चोरी हो गया : फडणवीस



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा, मैंने पहले ही कहा है कि ये वोट चोरी का मामला नहीं है। राहुल गांधी का दिमाग चोरी हो गया है और जब दिमाग चोरी हो जाता है। तो इसी प्रकार की बातें लोग करते हैं। राहुल की देश के संविधान के प्रति कोई आस्था नहीं है। वह शहरी माओवादी वाली भाषा बोल रहे हैं कि जेन जेड कोआकर संवैधानिक सरकार को उल्ट देना चाहिए।

### राहुल अर्बन नक्सल बनना चाहतेः गिरिराज



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल के जेन जेड वाले बयान पर कहा, राहुल गांधी फ्रस्ट्रेशन में हैं, हताशा में हैं। वे कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन जेड की बात करेंगे। वे अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं। भारत में अर्बन नक्सल के रूप में रिएक्ट करते हैं। देश के संविधान में तैयारी की हुई सारी व्यवस्थाओं को ये नकारते हैं।

# हरिभूमि-आईएनएच का रियल एस्टेट कॉन्क्लेव सृजन- संवाद आज

## इस सेक्टर के वर्तमान और भविष्य पर होगा मंथन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर**

**खास खबर**

हरिभूमि-आईएनएच द्वारा सृजन संवाद कार्यक्रम की श्रृंखला में रियल एस्टेट कॉनक्लेव-2025, सृजन संवाद का आयोजन शनिवार को सयाजी होटल वीआईपी चौक रायपुर में शाम 5 बजे आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे करेंगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक मोतीलाल साहू मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक रामा ग्रुप हैं।

कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि वित्त एवं आवास पर्यावरण, योजना एवं सांख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु खुशवंत सिंह साहेब मंत्री कौशल ▶▶।शेष पेज 7 पर



### इनका सहयोग

कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक जहां रामा ग्रुप हैं, वहीं सह प्रयोजक, अविनाश ग्रुप, आनंदम वर्ल्ड सिटी, वॉलफोर्ट ग्रुप, रियल स्पेस (वान्या), आरसीपी इंफ्राटेक प्रा. लि., सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप, रहेजा ग्रुप, श्री स्वस्तिक, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, नया रायपुर विकास प्राधिकरण, शूरवीर टीएमटी, पंजाब नेशनल बैंक, महाचक्र इंडस्ट्रीज प्रा. लि., मां एंड एजेंसी, राघव एडवरटाइजिंग, सयाजी होटल, सुमित इंफ्राकॉन, जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, एसआरवी सोलर और अडानी सीमेंट हैं।

# ईओडब्ल्यू की रिमांड पर पूर्व आबकारी आयुक्त, होटल कारोबारी और उसका बेटा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर**

करोड़ों रुपए के शराब घोटाले में ईओडब्ल्यू, एसीबी की टीम ने गुरुवार को हिरासत में लिए गए पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास, होटल कारोबारी नीतेश पुरोहित उसके बेटे यश को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। ईओडब्ल्यू के आवेदन पर कोर्ट ने तीनों आरोपियों से पूछताछ करने 25 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत खारिज होने के बाद ईओडब्ल्यू ने पूर्व आबकारी आयुक्त को गिरफ्तार किया है।

पूर्व आबकारी आयुक्त के खिलाफ सिंडिकेट ऑपरेट करने ▶▶।शेष पेज 7 पर

### टेंडर दिलाने में निरंजन की महत्वपूर्ण भूमिका

ईओडब्ल्यू द्वारा कोर्ट में दायर चार्जशीट के मुताबिक, नोएडा के प्रिज्म होलोग्रॉफिक सिक्योरिटी फिल्म्स को टेंडर दिलाने में निरंजन दास की अहम भूमिका रही। कंपनी के अयोग्य होने के बावजूद शर्तें बदली गईं और उसे काम दिया गया। इसके बाद डुप्लीकेट होलोग्राम बनाकर अवैध शराब की बिक्री को वैध ठहराया गया। टेंडर दिलाने के एवज में प्रति होलोग्राम आठ पैसे का कमीशन तय हुआ। जांच में खुलासा हुआ कि निरंजन दास और सिंडिकेट ने झारखंड ▶▶।शेष पेज 7 पर

### नीतेश-यश करते थे हवाला कारोबार

बताया जा रहा है, निरंजन दास के पास रकम होटल कारोबारी नीतेश पुरोहित तथा उसके बेटे के माध्यम से पहुंचती थी। दोनों घोटाले की रकम को ठिकाने लगाने हवाला का काम करते थे। इस वजह से ईओडब्ल्यू, एसीबी ने नीतेश तथा उसके बेटे को गिरफ्तार किया है।

## अफसरों ने रिश्तेदारों के लिए की थी परीक्षा में गड़बड़ी

# सीबीआई ने सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में पूर्व परीक्षा नियंत्रक सचिव समेत पांच को दबोचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर**

**हरिभूमि फॉलोअप**

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में सीबीआई ने पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव समेत पांच को गिरफ्तार किया है। इनमें दोनों अफसरों के अलावा उनके निकटतम रिश्तेदारों के साथ सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सोनवानी के रिश्तेदार भी शामिल हैं। सीबीआई ने पांचों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें पूछताछ करने 22 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर भेजने का कोर्ट ने फैसला सुनाया।

सीबीआई ने जिन पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें पूर्व परीक्षा ▶▶।शेष पेज 7 पर

### यह है पूरा मामला

वर्ष 2021 में सीजीपीएससी भर्ती प्रक्रिया में 1 लाख 29 हजार 206 उम्मीदवारों ने प्रारंभिक परीक्षा दी, जिनमें से 2 हजार 548 मुख्य परीक्षा के लिए चुने गए। इनमें 509 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार चरण पार किया और 170 को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। आरोप है कि चयनित उम्मीदवारों में कई आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों से सीधे जुड़े हुए थे। भर्ती परीक्षा गड़बड़ी में इससे पहले ▶▶।शेष पेज 7 पर

### एक साल पूर्व सीबीआई में केस रजिस्टर्ड

राज्य सरकार की अनुशंसा पर सीबीआई ने पिछले वर्ष नौ जुलाई को केस रजिस्टर्ड कर जांच शुरू की है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन अध्यक्ष, सचिव और अन्य अधिकारी, 2020 से 2022 के बीच आयोजित परीक्षाओं और साक्षात्कारों में अपने पुत्र, पुत्री और रिश्तेदारों का गलत तरीके से चयन करवाने में शामिल थे।

## जीएसटी प्राइम पोर्टल का गलत उपयोग किया

**आयकर रिटर्न भरवाने आने वालों के दस्तावेजों के आधार पर बनाए कई बोगस फर्म**

# जीएसटी सलाहकार से डेढ़ करोड़ से ज्यादा कैश और 400 ग्राम सोना जब्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर**

स्टेट जीएसटी की टीम ने एक जीएसटी कर सलाहकार के निवास, कार्यालय तथा उसके एक रिश्तेदार के निवास पर छापा मारा। कार्रवाई में कर सलाहकार के रिश्तेदार के घर से अफसरों ने 1.64 करोड़ रुपए कैश तथा 400 ग्राम सोने के चार बिस्कट बरामद किए है। छापे की कार्रवाई एनालिटिक्स और इंटेलिजेंस नेटवर्क ने की है। कर सलाहकार जीएसटी प्राइम पोर्टल का गलत उपयोग करके बोगस फर्म और बोगस बिल तैयार करने का काम कर रहा था, जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व ▶▶।शेष पेज 7 पर



### आयकर विभाग भी करेगा जांच

फरहान को जब अपने निवास तथा ऑफिस में छापे की जानकारी मिली तो उसने घर में रखे कैश तथा सोने के बिस्कट अपने चाचा के यहां जाकर छिपाकर रख दिया। इस बात की जानकारी मिलने पर जीएसटी के अफसरों ने 17 सितंबर को फरहान के चाचा के घर की ▶▶।शेष पेज 7 पर

### पांच कर्मियों के भरोसे 172 फर्जी फर्म

अफसरों के अनुसार फरहान पांच कर्मियों की मदद से जीएसटी कर सलाहकार का काम शुरू किया था। छापे की कार्रवाई में मिले दस्तावेजों के माध्यम से अफसरों को कर सलाहकार द्वारा 172 बोगस फर्म बनाए जाने की जानकारी मिली है। फरहान ने अपने पांच ऑफिस स्टॉफ को फर्मों का पंजीयन कराने, रिटर्न फाइल करने और ई-वे बिल तैयार करने के ▶▶।शेष पेज 7 पर

### 26 बोगस फर्मों से सौ करोड़ राजस्व का नुकसान

जीएसटी अफसरों ने खुलासा किया है कि फरहान द्वारा 26 बोगस फर्मों से ही 822 करोड़ का ई-वे बिल जनरेट किया गया, जबकि रिटर्न में 106 करोड रुपए का ही टर्न ओवर दिखाया गया है। केवल इन फर्मों से ही राज्य को 100 करोड़ रुपए के जीएसटी का नुकसान होने का प्रारंभिक आंकलन ▶▶।शेष पेज 7




# दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में एनएसयूआई के पाले में भी आई एक सीट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में RSS से जुड़े संगठन एबीवीपी ने बड़ी जीत हासिल की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अध्यक्ष पद समेत तीन सीटों पर कब्जा जमाया। शुक्रवार को आए नतीजों में कांग्रेस के भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने सिर्फ उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। इस चुनाव में पिछली बार के मुकाबले एनएसयूआई को एक पद का नुकसान हुआ है। संगठन से अध्यक्ष पद भी चला गया। इस छात्रसंघ चुनाव के लिए गुरुवार को वोट डाले गए थे और मतदान में 39.45 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई।

# डीयू में एबीवीपी का परचम, अध्यक्ष सहित 3 बड़े पदों पर कब्जा

## पिछली बार के मुकाबले एनएसयूआई को एक पद का नुकसान * जोसलिन को हराकर डीयू के नए अध्यक्ष बने आर्यन मान

### आर्यन की रिकार्ड जीत

चुनाव में एबीवीपी के आर्यन मान ने अध्यक्ष पद पर सबसे ज्यादा वोटों से जीत हासिल की है। आर्यन को कुल 28841 वोट मिले। वहीं अध्यक्ष पद के लिए एनएसयूआई प्रत्याशी जोश्लिन नंदिता चौधरी को महज 12645 वोट मिले। आर्यन की जीत का अंतर 16196 वोटों का रहा। वहीं एनएसयूआई के राहुल झांसला ने 8792 वोटों से उपाध्यक्ष का पद जीता। एबीवीपी के कुणाल चौधरी ने 7662 वोटों से सचिव पद जीता। इसके अलावा एबीवीपी के दीपिका झा ने 4445 वोटों से संयुक्त सचिव पर जीत हासिल की। दिलचस्प है कि इस बार के चुनाव में सबसे अधिक वोट एनएसयूआई के उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार राहुल झांसल को मिले, उन्होंने 29339 वोट हासिल किए।




### एनएसयूआई के बागी को मिले साढ़े 5 हजार वोट

अध्यक्ष पद पर एसएफआई-आइसा गठबंधन के उम्मीदवार को 5385 और एनएसयूआई के बागी निर्दलीय उम्मीदवार को 5522 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर एसएफआई-आइसा को 4163, सचिव पद पर 9535 और संयुक्त सचिव पद पर 8425 वोट मिले।

### 2024 के यह थे नतीजे

2024 के दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में एनएसयूआई ने अध्यक्ष और संयुक्त सचिव पद कब्जा जमाया था। रौनक खत्री अध्यक्ष बने थे और और लोकेश चौधरी संयुक्त सचिव पद पर जीते थे। वहीं एबीवीपी के भानु प्रताप ने उपाध्यक्ष और मित्रविंदा करणवाल ने सचिव पद पर जीत दर्ज की।

### जीत के बाद अध्यक्ष मान का पहला बयान

अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने वाले आर्यन ने जीत के बाद कहा कि मुझे अध्यक्ष चुनने के लिए मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी छात्रों का धन्यवाद करना चाहता हूं। साथ ही, मैं यह भी बताना चाहता हूं कि इस बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने 4 में से 3 पदों पर जीत हासिल की है। दीपिका ने संयुक्त सचिव पद भी हासिल किया है। मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस वर्ष एबीवीपी की डीयूएसयू टीम पूरी लगन से काम करेगी। जीत के बाद एबीवीपी की दीपिका झा ने कहा, 'मैं बिहार से यहां आई और कड़ी मेहनत की। दिल्ली विश्वविद्यालय के हर छात्र ने मेरे संघर्ष को समझा और मैं 4,000 वोटों के अंतर से जीती। मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूं।'

### एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा...

एनएसयूआई को इस चुनाव में लगे झटके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा, 'एनएसयूआई ने इस असमान चुनाव में अच्छी लड़ाई लड़ी, केवल एबीवीपी के खिलाफ ही नहीं, बल्कि डीयू प्रशासन, दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार, आरएसएस-बीजेपी और दिल्ली पुलिस की संयुक्त ताकत के खिलाफ भी ये चुनाव लड़ा गया।

### डीयू छात्र संघ की नई कार्यकारिणी

| पद | नाम | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | आर्यन मान (एबीवीपी) | 16196 |
| उपाध्यक्ष | राहुल झांसला (एनएसयूआई) | 8792 |
| सचिव | कुणाल चौधरी (एबीवीपी) | 7662 |
| संयुक्त सचिव | दीपिका झा (एबीवीपी) | 4445 |

## खबर संक्षेप

### हम जीरो स्टेट की स्थिति में : नेपाली प्रधानमंत्री



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के सिंह दरबार में 9 सितंबर को हुई भयानक आगजनी ने देश के सरकारी ढांचे को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। स्थिति इतनी गंभीर है कि नेपाल की नई अंतरिम पीएम सुशीला कार्की ने शपथ लेते ही कहा, 'हम शून्य स्थिति (जीरो स्टेट) में हैं।' उनके पास कैबिनेट है, लेकिन मंत्रालयों के पास न तो इमारतें बची हैं और न ही जरूरी कागजात। सिंह दरबार परिसर, जो कभी भव्य महल और 20 से ज्यादा मंत्रालयों का केंद्र था, अब मलबे का ढेर बन चुका है।

### नारायण साई को राहत मिली अंतरिम जमानत



**अहमदाबाद।** रेप के मामले में सजा काट रहे आसाराम के बेटे नारायण साई को गुजरात हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। नारायण को अपनी 82 वर्षीय बीमार मां के इलाज के लिए पांच दिन की अंतरिम जमानत मिली है। नारायण ने बीमार मां के इलाज के लिए 45 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। उनकी अंतरिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने उसे शर्तों के साथ पांच दिनों की अंतरिम जमानत दे दी है। जमानत के दौरान नारायण साई अहमदाबाद में अपनी मां के घर पर रह सकेगा।

### अब अरब का ब्यूना भी इस्तेमाल करेगा पाक



**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के साथ मेगा डिफेंस डील के बाद पाकिस्तान अब अरब देशों का ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम ब्यूना का भी इस्तेमाल करेगा। ब्यूना अरब देशों का ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम है। अरब मॉनेटरी फंड के पास इसका मालिकाना हक है। इस सिस्टम से क्रॉस बॉर्डर लेनदेन भी संभव हो सकेगा। हालांकि केवल मुल्क से बाहर रहने वाले पाकिस्तानी ही इस प्लेटफॉर्म से पैसे भेज सकेंगे। इसके अलावा पाकिस्तान में रहने वाले नागरिक इस प्लेटफॉर्म से देश से बाहर पैसा नहीं भेज पाएंगे।

### पतंजलि पर भड़का कोर्ट केस वापस लीजिए या जुर्माना भरें



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार योग गुरु बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और पतंजलि फूड्स लिमिटेड को तब कड़ी फटकार लगाई, जब डाबर इंडिया के साथ च्यवनप्राश के विज्ञापनों को लेकर चल रहे विवाद में कंपनी अपनी अपील पर अड़ गई। पतंजलि आयुर्वेद ने सिंगल बेंच के उस आदेश को चुनौती देते हुए अपील दायर की थी, जिसमें उसे अपने विज्ञापनों के कुछ हिस्सों को हटाने का निर्देश दिया गया था। कथित तौर पर उन विज्ञापनों में पतंजलि ने डाबर सहित अन्य प्रतिद्वंद्वी कंपनियों के च्यवनप्राश उत्पादों पर अपमानजनक टिप्पणी की थी।

# आतंकी संगठनों की नई चाल, केपीके में शिफ्ट हुए जैश, हिजबुल के ठिकाने

### पाक सरकार और आईएसआई की सीधी मदद से चल रही यह प्रक्रिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सफल ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के कम से कम नौ बड़े आतंकी ठिकाने तबाह होने के बाद, अब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) ने अब अपने अड्डे खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत में शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। सूत्रों और उपलब्ध वीडियो से यह साफ हुआ है कि पाकिस्तान सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की सीधी मदद से यह प्रक्रिया चल रही है। केपीके के मानसेहरा जिले के गढ़ी हबीबुल्लाह कस्बे में 14 सितंबर को जेईएम ने एक बड़ी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को एक धार्मिक सभा के नाम पर आयोजित किया गया, लेकिन इस रैली का असल मकसद आतंकियों की भी भर्ती कराना था। इस रैली में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई) ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई। यहां जेईएम के टॉप कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी उर्फ अबू मोहम्मद ने युवाओं को संबोधित किया।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद नए सिरे से खड़ा किया जा रहा पूरा सैटअप

### कैंप में दिया जा रहा प्रशिक्षण

सूत्रों के अनुसार जेईएम मानसेहरा में अपने पुराने कैंप मरकज शोहदा-ए-इस्लाम का विस्तार कर रहा है और भर्ती की गई नई खेप को भी वहीं प्रशिक्षण दे रहा है। जेईएम अब खुद को 'अल-मुराबितून' नाम से भी पेश कर रहा है, ताकि उस पर लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचा जा सके. इसी दौरान हिजबुल मुजाहिद्दीन ने भी केपीके के लोअर दिर जिले के बंडाई इलाके में नया कैंप तैयार करना शुरू कर दिया है। इस कैंप का नाम 'एचएम 313' रखा गया है। इसे पूर्व पाकिस्तानी कमांडो खालिद खान संचालित कर रहा है। '313' नाम का संबंध इस्लामी इतिहास की बदर की लड़ाई और अल-कायदा की ब्रिगेड 313 से हैज।



### आतंकी अब केपीके को मान रहे सुरक्षित ठिकाना

आतंकियों की यह नई रणनीति भारत के लिए एक खतरा हो सकती है। पीओके पर भारतीय सेना के सटीक हमलों के बाद आतंकी अब केपीके को सुरक्षित ठिकाना मान रहे हैं, क्योंकि यह इलाका अफगान सीमा से जुड़ा है और वहां पहले से ही कई जिहादी नेटवर्क सक्रिय हैं। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में जेईएम और एचएम, केपीके को अपना 'रियर कमांड जोन' बनाकर पीओके को 'फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस' के तौर पर इस्तेमाल करेंगे।

## 'हाफिज सईद से मिलने के बाद मनमोहन ने मुझे कहा था शुक्रिया'

### जेल में बंद यासीन मलिक का सनसनीखेज दावा



जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) का चीफ यासीन मलिक इस वक्त आतंकी फंडिंग मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसने एक सनसनीखेज दावा किया है। उसने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2006 में पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक और 26/11 के मास्टरमाइंड हाफिज सईद से मुलाकात के बाद व्यक्तिगत रूप से उसे धन्यवाद दिया था। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, मलिक ने दिल्ली हाईकोर्ट में 25 अगस्त 2025 को दिए गए 85 पन्नों के हलफनामे में दावा किया है कि 2006 में हुई बैठक उनकी स्वतंत्र पहल नहीं थी, बल्कि पाकिस्तान के साथ गुप्त शांति प्रक्रिया के तहत वरिष्ठ भारतीय खुफिया अधिकारियों के अनुरोध पर आयोजित की गई थी।

### खुफिया ब्यूरो की कथित भूमिका

मलिक के बयान के अनुसार, 2005 में कश्मीर में आए विनाशकारी भूकंप के बाद उनकी पाकिस्तान यात्रा से पहले खुफिया ब्यूरो (आईबी) के तत्कालीन विशेष निदेशक वीके जोशी ने दिल्ली में उनसे मुलाकात कर अनुरोध किया कि वे इस अवसर का उपयोग न केवल पाकिस्तानी राजनीतिक नेतृत्व के साथ, बल्कि सईद सहित आतंकवादी हस्तियों के साथ बातचीत करने के लिए करें, ताकि तत्कालीन प्रधानमंत्री सिंह के शांति प्रयासों का समर्थन किया जा सके।

### मौजूदा विधायकों का नहीं कटेगा टिकट

# बिहार चुनाव में कांग्रेस के 17 सीटों पर प्रत्याशी तय

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में कांग्रेस ने अपनी 17 सीटिंग सीटों पर प्रत्याशी तय कर दिए हैं। पार्टी के मौजूदा विधायकों का टिकट नहीं काटा जाएगा। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की नई दिल्ली में शुक्रवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बिहार में कांग्रेस के अभी 17 विधायक हैं। आगामी चुनाव में उन्हें दोबारा टिकट दिया जाना तय हो गया है। कांग्रेस मुख्यालय में हुई इस मीटिंग में प्रत्याशियों के चयन समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। यह बैठक स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन की अध्यक्षता में हुई। इसमें बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, विधान परिषद में दल के नेता मदन मोहन झा समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। इससे पहले गुरुवार को पटना में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक में प्रदेश चुनाव समिति ने कांग्रेस आलाकमान को उम्मीदवार तय करने के लिए अधिकृत किया था। इसके बाद टिकट की फाइल पटना से दिल्ली ट्रांसफर हो गई। दिल्ली में शुक्रवार को हुई स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग पर कई सीटों पर संभावित प्रत्याशियों पर चर्चा की गई।



### पिछले चुनाव में कांग्रेस ने जीती थीं 19 सीटें

पिछले विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस ने महागठबंधन में रहकर 70 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। उनमें से पार्टी को 19 सीटों पर ही जीत मिल पाई थी। बाद में कांग्रेस के दो विधायक पाला बदलकर एनडीए में चले गए थे, इनमें बिक्रम से सिद्धार्थ सौरव और चेनारी से मुरारी प्रसाद गौतम का नाम शामिल है। यानी अब विधानसभा में पार्टी के 17 विधायक ही बचे हैं।

### इधर, कांग्रेस अध्यक्ष की सीट पर ही राजद का दावा

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर महागठबंधन में सीटों पर तकरार देखने को मिल रही है। आरजेडी, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के गठबंधन में अभी तक सीट शेयरिंग फॉर्मूला फाइनल नहीं हो पाया है। इस बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की कुटुंबा विधानसभा सीट पर ही आरजेडी ने दावा ठोक दिया है। एक तरफ, कांग्रेस ने कुटुंबा से राजेश राम को दोबारा मैदान में उतारने की बात कह दी है।

# गाजा में तुरंत जंग रोकने से ट्रंप का इंकार, किया वीटो


### यूएन सुरक्षा परिषद में आया था प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र

अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव पर वीटो कर दिया, जिसमें गाजा में तत्काल और स्थायी युद्धविराम की मांग की गई थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने एक बार फिर इजराइल के साथ खड़े रहने का फैसला किया है जबकि दूसरी तरफ इजरायल ने पूरे गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए अपने सैन्य आक्रमण को तेज कर दिया है। यूएन सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों ने यह मसौदा पेश किया था। इसमें 5 स्थायी सदस्य हैं। यानी कुल 15, इनमें में अमेरिका को छोड़कर सभी 14 सदस्यों ने प्रस्ताव को समर्थन दिया।

### यह था प्रस्ताव

इस प्रस्ताव में 'गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम जिसका सभी पक्ष सम्मान करें', हमास और अन्य समूहों द्वारा रखे गए सभी बंधकों की रिहाई और मानवीय सहायता पर प्रतिबंध हटाने का आह्वान किया गया था।



### फिलिस्तीन व अरब वर्ल्ड ने की निंदा

अमेरिका के इस वीटो पर फिलिस्तीनी और अरब प्रतिनिधियों ने तीखी आलोचना की। फिलिस्तीनी दूत रियाद मंसूर ने कहा कि अमेरिका के इस फैसले से पता चलता है कि परिषद की 'चुप्पी इसकी विश्वसनीयता और अधिकार के लिए एक बड़ी कीमत है।'

### यह है वीटो

*बता दें, वीटो का अर्थ है किसी प्रस्ताव, कानून या निर्णय को रोकने या अस्वीकार करने का अधिकार है। वीटो परम शक्ति की तरह है, यह हर हामी पर भारी होती है। यूएन सुरक्षा परिषद में सभी 5 स्थायी सदस्यों के पास वीटो की शक्ति है। कोई प्रस्ताव तभी पास होता है जब सभी उसपर सहमत होते हैं और कोई वीटो नहीं करता।*

# अमेरिका में भारतीय इंजीनियर की हत्या, पुलिस ने मारी गोली

### पिता ने नस्लीय भेदभाव का लगाया आरोप, विदेश मंत्रालय को लिखा पत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के टेक्सास में भारतीय युवक का सिर कलम करके हत्या करने का विवाद सुलझा नहीं है और एक और भारतीय की हत्या हो गई है। 30 साल के भारतीय इंजीनियर की कैलिफोर्निया में सांता कलारा में 3 सितंबर को पुलिस ने गोली मारी थी।



पुलिस का कहना है कि मोहम्मद निजामुद्दीन ने अपने रूममेट पर चाकू से हमला किया था। पुलिस ने पीछा करते हुए उसे रोकने के लिए गोली मारी थी, जिस वजह से उसकी जान चली गई।

### बेटे का पार्थिव शरीर भारत लाने लगाई गुहार

वहीं तेलंगाना के महबूबनगर जिला निवासी मोहम्मद के पिता मोहम्मद हसनुद्दीन ने भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर को खत लिखकर जवाब मांगा है और उनसे इंसाफ की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि उनका बेटा किसी पर हमला करने जैसी हरकत नहीं कर सकता, बल्कि उसके साथ तो नस्लीय भेदभाव किया जा रहा था, जिसके चलते इस महीने की शुरुआत में उसका अपने रूममेट से झगड़ा हुआ था और परिवार ने उसे कमरा बदलने के साथ-साथ पुलिस को शिकायत देने को कहा था। हसनुद्दीन ने बताया कि उनके बेटे का पार्थिव शरीर सांता क्लारा के ही एक अस्पताल में रखा हुआ है। उन्होंने विदेश मंत्री से बेटे के पार्थिव शरीर को भारत लाने की अपील भी की है।

### पुलिस का रूममेट पर हमला कर भागने का आरोप

मजलिस बचाओ तहरीक (एमबीटी) के प्रवक्ता अमजद उल्ला खान मदद कर रहे हैं। उन्होंने सांता क्लारा पुलिस प्रमुख कोरी मॉर्गन से बात की तो पता चला कि आइजनहावर ड्राइव स्थित जिस घर में मोहम्मद अपने रूममेट के साथ रहता था, वहां हंगामा के पुलिस को देखते ही वह भागने लगा तो पुलिस ने रोकने के लिए गोली चलाई थी। मोहम्मत को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. पीड़ित को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एयरफोर्स चीफ बोले- सिर्फ ड्रोन से नहीं जीती जा सकती लड़ाई

# लंबी दूरी तक मिसाइल फायर करने वाले एयरक्रॉफ्ट जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के चीफ एयर मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्तेमाल किए गए S-400 एयर डिफेंस सिस्टम को 'गेम चेंजर' करार दिया। इस दौरान एयर मार्शल एपी सिंह ने कहा कि आज की लड़ाइयों में ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है लेकिन लड़ाइयां ड्रोन से ही नहीं जीती जा सकतीं। हमारे पास लंबी रेंज और घातक हथियारों के अलावा ऐसे एयरक्रॉफ्ट भी होने चाहिए जो लंबी दूरी तक मिसाइल फायर सकें। हमारी पास मानवयुक्त और मानवरहित सिस्टम के सुखद सिस्टम होना जरूरी है।

### सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में गेम चेंजर साबित हुआ एस-400



### ड्रोन अच्छे लेकिन भारी क्षमता वाले हथियार जरूरी

एक कार्यक्रम में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि हमारी इस लड़ाई में कई ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। दूसरे युद्धों में भी हो रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं कहना चाहूंगा कि ड्रोन बहुत अच्छे हैं। ये किसी भी सिस्टम को सैचुरेट करने के लिए अच्छे हैं। बहुत सारे ड्रोन एक साथ आएंगे तो सैचुरेशन होती है लेकिन अगर हमें युद्ध जीतना है, तो वह सिर्फ ड्रोन से नहीं जीता जा सकता। हमारे लिए कुछ लंबी दूरी के, कुछ भारी क्षमता वाले हथियार, कुछ ऐसे विमान जो लंबी दूरी की मिसाइलें दाग सकें, बहुत जरूरी हैं। इसलिए हमें मानव-मानवरहित प्रणालियों के एक सुखद मिश्रण की आवश्यकता होगी।'

### 'एस-400 को बताया बड़ी ताकत

*भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने यह भी कहा, 'हमने जो लंबी दूरी की एलआर-एसएएम, एस-400 खरीदी थी, वे इसमें गेम चेंजर साबित हुईं। उनके लंबी दूरी के रडार और मिसाइल सिस्टम दुश्मन के विमानों को उनके ही क्षेत्र में घुसकर नुकसान पहुंचा सकते थे। इसलिए हम कुछ ऐसा करने में सक्षम हो पाए कि वे अपने क्षेत्र में भी काम नहीं कर सकते थे। एस-400 की रेंज उनके हथियारों की रेंज से कहीं अधिक थी, इसलिए उनके एयरक्रॉफ्ट हथियार छोड़ने की सीमा तक भी नहीं आ सके और जो आते भी थे, उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ता था। इसलिए यह एक गेम चेंजर था।'*

### कतर ने की मध्यस्थता

# तालिबान ने 7 महीने बाद ब्रिटेन के बुजुर्ग दंपति को छोड़ा

एजेंसी ▶▶| काबुल

अफगानिस्तान में फरवरी 2025 से तालिबान की हिरासत में रहे ब्रिटेन के बुजुर्ग दंपत्ति बार्बी और पीटर रेनॉल्ड्स को आखिरकार रिहा कर दिया गया है। दोनों को क़तर की मध्यस्थता से छोड़ा गया और उन्हें दोहा ले जाया गया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, तालिबान ने 1 फरवरी को इस दंपत्ति को पकड़ा था। उनके साथ एक चीनी-अमेरिकी मित्र और एक स्थानीय अनुवादक को भी पकड़ा गया था। परिवार को उनकी सेहत और उम्र को लेकर गंभीर चिंता थी। अधिकारियों ने बताया कि कतर उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए ब्रिटिश सरकार और दंपति के परिवार के साथ लंबे समय से बातचीत कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि हिरासत में बिताए गए 7 महीनों के दौरान उन्हें ज्यादातर अकेले रखा गया।



रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025 | आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी | वर्ष: 24, अंक: 65 | पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## काम पर लौटे तो नोटिस वापस

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि जो काम पर लौटने वाले संविदा कर्मचारियों की जारी एक माह की नोटिस वापस ली जाएगी। वहीं हड़ताल अवधि में जिन कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था उनकी बहाली के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि उनकी मांगों में सेवा के दौरान सीआर लिखने में ट्रांसपेरेंसी की मांग पूरी की गई है। मेडिकल लिव को 30 दिन करने और ▶▶|शेष पेज 7 पर

## स्कूबा डाइविंग ने ले ली गायक जुबिन गर्ग की जान

नई दिल्ली। असम सहित बॉलीवुड के मशहूर गायक जुबिन गर्ग का 52 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। शुक्रवार को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग करते वक्त उनके साथ दुखद हादसा हुआ और वह इस दुनिया को हमेशा के लिए छोड़कर चले गए। बता दें, जुबिन गर्ग बॉलीवुड फिल्म 'गैंगस्टर' के सुपरहिट गाने 'या अली' से पूरे देश में लोकप्रिय हुए थे। जुबिन गर्ग के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने शोक संवेदना व्यक्त की हैं।



मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

# बर्खास्तगी के अल्टीमेटम के बाद हेल्थ के संविदा कर्मचारियों ने तोड़ी महीनेभर की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा बर्खास्तगी का अल्टीमेटम देने के बाद महीनेभर से चल रही हड़ताल स्थगित कर दी गई। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा नौकरी पर नहीं लौटने पर सोमवार से नयी भर्ती किए जाने दोपहर दिए गए बयान के बाद शाम को हड़ताली कर्मचारियों ने उनसे और मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी। हड़ताल की वजह से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था महीनेभर से प्रभावित हो रही थी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 10 में से 4 मांगे पूरी की जा चुकी हैं 3 पर कमेटी बनाई गई है और 3 पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अपने शंकरनगर स्थित निवास में शुक्रवार को दोपहर पत्रकारों को बताया था कि एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ▶▶|शेष पेज 7 पर



### सीएम ने फैसले को सराहा

सीएम विष्णुदेव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और हड़ताल खत्म करने की जानकारी दी। सीएम ने कहा, सरकार हर कर्मचारी को अपने परिवार का हिस्सा मानती है और उनकी जायज मांगों के प्रति सदैव संवेदनशील रही है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

## सैम पित्रोदा के बयान पर खड़ा हुआ राजनीतिक बवाल

# पित्रोदा बोले- पाकिस्तान में लगता है घर जैसा भाजपा ने कहा- देश के दुश्मन कांग्रेस के साथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और राहुल गांधी के करीबी इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने एक बार फिर अपने बयान से विवाद खड़ा कर दिया है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को घर जैसा बताया है। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में पित्रोदा ने कहा कि भारत की विदेश नीति सबसे पहले अपने पड़ोसियों से रिश्ते सुधारने की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह जब भी नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान जाते हैं तो उन्हें घर जैसा लगता है। भाजपा ने सैम पित्रोदा के इस बयान को लेकर उन पर और कांग्रेस पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। भाजपा ने कहा कि भारत के दुश्मन सभी कांग्रेस के ही साथी क्यों हैं। कल राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की रक्षा करना उनका काम नहीं है लेकिन उन्होंने यह जरूर कहा कि वह भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ना चाहते हैं।

### 26/11 के बाद भी पाक पर कार्रवाई नहीं की : भाजपा

भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने पित्रोदा का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा- राहुल गांधी के चहेते और कांग्रेस के विदेश प्रमुख सैम पित्रोदा का कहना है कि उन्हें पाकिस्तान में 'घर जैसा' महसूस हुआ। कोई आश्चर्य नहीं कि यूपीए ने 26/11 के बाद भी पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। पाकिस्तान का चहेता, कांग्रेस का चुना हुआ।



### सिख नरसंहार के वक्त कहां थे : पूनावाला

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक पोस्ट साझा कर लिखा, राहुल गांधी के सबसे करीबी साथी, नेता और पारिवारिक दोस्त 'अंकल' सैम पित्रोदा (जिन्होंने 1984 के सिख नरसंहार पर "हुआ तो हुआ" कहा था), जिन्होंने भारतीयों पर नस्लभेदी बयान दिए थे, अब कह रहे हैं कि उन्हें पाकिस्तान में घर जैसा लगता है।

### देश के दुश्मनों से कांग्रेस को हमदर्दी क्यों : भाजपा प्रवक्ता

इसके अलावा सैम पित्रोदा के बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, हम राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पूछना चाहते हैं कि जब शाहिद अफरीदी ने आपको अपना आदर्श बताया था, तब आप चुप क्यों रहे? लश्कर-ए-तैयबा कांग्रेस से बातचीत करना चाहता था, तब आप चुप क्यों रहे? सैम पित्रोदा पाकिस्तान को अपना घर कहते हैं, आप चुप क्यों हैं? आपकी चुप्पी ही आपकी स्वीकृति है। वे भारतीय लोकतंत्र में अराजकता फैलाना चाहते हैं।

### पहले पड़ोस पर ध्यान देना चाहिए : सैम पित्रोदा

सैम पित्रोदा ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में कहा था कि भारत को हिंसा और आतंकवाद जैसी चुनौतियों के बावजूद अपने पड़ोसियों को तवज्जो देनी चाहिए और मदद की पेशकश करनी चाहिए। वो सब छोटे हैं, उन्हें मदद चाहिए, मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। लड़ने की कोई जरूरत नहीं है। सैम पित्रोदा ने आगे कहा, "हां, हिंसा है, आतंकवाद है, ये सब है।

### पाक, नेपाल, बांग्लादेश में घर जैसा लगा

पित्रोदा ने कहा, मैं पाकिस्तान गया हूं, और आपको बता दूं, मुझे वहां घर जैसा महसूस हुआ। मैं बांग्लादेश-नेपाल गया हूं, और मुझे वहां घर जैसा महसूस हुआ। मुझे नहीं लगता कि मैं किसी विदेश में हूं। वे हमारी तरह दिखते, खाते-पीते और बोलते हैं। हमें उनके साथ शांति-सद्भाव से रहना सीखना चाहिए।

मंत्रियों के जिलों के प्रभार में तीसरी बार बदलाव

# छह मंत्रियों को जिलों का प्रभार तीन नए मंत्रियों को भी जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने जिला योजना समिति की अध्यक्षता करने तथा जनसंपर्क और जन समस्याओं के निराकरण के लिए मंत्रिपरिषद के सदस्यों को जिलों का प्रभार सौंपने का नया आदेश जारी किया है। हाल में ही मंत्री बनने वाले तीन मंत्रियों को भी जिले मिले हैं। इससे पहले पिछले साल 2 फरवरी को और 9 अगस्त को ▶▶|शेष पेज 7 पर



### इन मंत्रियों को इन जिलों का प्रभार

*विजय शर्मा- उप मुख्यमंत्री- दुर्ग, बालोद, मोहला-मानपुरज अंबागढ़ चौकी, बस्तर, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, बलौदा बाजार-भाटापारा, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर- रामानुजगंज, गजेंद्र यादव राजनांदगांव, गुरु खुशवंत साहेब सक्ती तथा राजेश अग्रवाल को गौरेला-पेंड्रा मरवाही का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।*

# एक परिवार के तीन लोगों को सर्प ने डसा, पिता-पुत्र की मौत, पत्नी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

- दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत जमनीपाली इंदिरा नगर की घटना

खाना खाकर घर में सो रहे पति-पत्नी और 10 वर्षीय पुत्र को एक जहरीले सर्प ने डस लिया। तड़के जब परिजनों को पता चला कि उन्हें सर्प ने डस लिया है। जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत पिता और पुत्र को मृत घोषित कर दिया जबकि उसकी पत्नी को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। एक साथ पिता पुत्र की मौत हो जाने पर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमनीपाली के इंदिरा ▶▶|शेष पेज 7 पर




# पुरानी पैक सामग्री पर नया मूल्य स्टीकर लगाकर बेच सकेंगे व्यापारी

## सरकार का एक और राहत भरा बड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने जीएसटी दरों में कमी के बाद एक और बड़ा फैसला लिया है। उसने पैकेजिंग नियमों को आसान बनाया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कंपनियों के लिए पैकेजिंग और मूल्य निर्धारण नियमों में ढील दी। 22 सितंबर से गुड्स एंड सर्विस टैक्स की दरों में कटौती लागू होगी। पैकेजिंग नियमों को आसान बनाने का उद्देश्य कम्प्लायंस बोझ को कम करना है। साथ ही उपभोक्ताओं को कम टैक्स का लाभ सुनिश्चित करना है। सरकार का यह फैसला एआईएमडीआई के आग्रह पर आया है जिससे निर्माताओं को राहत मिलेगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एक एडवाइजरी जारी की है। ऐसा करके निर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को 22 सितंबर से पहले उत्पादित बिना बिके माल पर स्वेच्छा से संशोधित मूल्य स्टिकर लगाने की अनुमति दी है। निर्माताओं और आयातकों को संशोधित मूल्य सूची केवल थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को ही भेजनी होगी।



### उपभोक्ताओं को सीधा फायदा

इस फैसले का सबसे बड़ा फायदा उपभोक्ताओं को होगा। अब जैसे ही किसी प्रोडक्ट पर जीएसटी घटेगा, कंपनियों को नया रेट तुरंत लिखना होगा। यानी ग्राहक को कम दाम पर वही प्रोडक्ट मिलेगा। पहले ऐसा होता था कि कंपनियां पुराने स्टॉक पर भी ज्यादा दाम वसूलती रहती थीं। इस फैसले का कंपनियों और दूसरे उद्योगों ने स्वागत किया है. कंपनियों का कहना है कि इससे पैकिंग का नुकसान नहीं होगा और उपभोक्ता को भी सही समय पर जीएसटी दरों का फायदा मिलेगा. उद्योग जगत का मानना है कि इससे बाजार में पारदर्शिता बढ़ेगी और उपभोक्ता का भरोसा भी मजबूत होगा।

### दोबारा स्टिकर लगाना वैकल्पिक


*सरकार ने कहा कि दोबारा स्टिकर लगाना वैकल्पिक है। यह कंपनियों के लिए अनिवार्य नहीं है। विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 के नियम 33 के जरिये यह छूट दी गई है।*

### पुराना मूल्य दिखाई देना अनिवार्य

*शर्त यह है कि पुराने अधिकतम खुदरा मूल्य दिखाई दे रहे हों। इससे कम्प्लायंस का बोझ कम होगा। कंपनियां अब बिना बिके माल पर संशोधित मूल्य स्टिकर लगा सकती हैं और 31 दिसंबर, 2026 तक पुरानी पैकेजिंग सामग्री का उपयोग कर सकती हैं।*

### कंपनियों को सलाह- सोशल मीडिया से लोगों को सूचित करें

मंत्रालय ने कंपनियों को सलाह दी है कि वे इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया के जरिये डीलर, खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को संशोधित जीएसटी दरों के बारे में सूचित करें। यह सुनिश्चित करते हुए कि उद्योगों पर अत्यधिक बोझ न पड़े और उपभोक्ताओं को जीएसटी कटौती का अपेक्षित लाभ मिले।



चिंतन

# कमर टूटी, अब खात्मे के नजदीक है नक्सलवाद

कभी देश के लिए सबसे बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है। उसके बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं या फिर सुरक्षा बलों के समक्ष सरेंडर कर चुके हैं। बीते दिनों हुए इन चार घटनाक्रम को देखें तो तय है कि नक्सलवाद का अंत केंद्र सरकार द्वारा तय समय सीमा से पहले ही होने जा रहा है। 10 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि मटाल पहाड़ी के पास 1.5 करोड़ के इनामी मोडेम बालकृष्ण समेत 20 से 25 नक्सलियों के मौजूद है। तुरंत ऑपरेशन लॉन्च किया गया। 11 सितंबर को दिनभर नक्सलियों के साथ मुठभेड़ चलती रही। पुलिस, एसटीएफ और सीआरपीएफ के कोबरा जवानों ने मिलकर बालकृष्ण समेत 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इसके दो दिन बाद ही 13 सितंबर को नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की सीनियर मेंबर सुजाता ने तेलंगाना में सरेंडर कर दिया। सुजाता अकेली नहीं है, इस साल अब तक 404 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। इसके तीन दिन बाद 16 सितंबर को प्रेस रिलीज वायरल हुई। इसमें सरकार से शांति वार्ता करने और हथियारबंद संघर्ष को अस्थायी रूप से रोकने की बात कही। तय है कि नक्सलवाद की अब कमर टूट चुकी है। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद दम तोड़ रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे, मार्च 2025 तक यह संख्या घटकर केवल 18 रह गई। इसमें भी केवल 6 जिलों को ही 'सबसे अधिक प्रभावित' श्रेणी में रखा गया है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि 2010 में नक्सली हिंसा की 1,936 घटनाएं हुईं, जो 2024 में घटकर सिर्फ 374 रह गईं, मतलब 81 प्रतिशत की गिरावट। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया था कि सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को तब बल मिला जब छत्तीसगढ़ में एक मुठभेड़ में कम से कम 27 नक्सलवादी मारे गए, जिनमें टॉप नक्सली नेता नंबाला केशवराव उर्फ बसवराजू भी शामिल है, जिसपर 1.5 करोड़ रुपये का इनाम था। पिछले 20 महीनों में नक्सलवादी मूवमेंट को पहले ही कई बड़े झटके लग चुके हैं। 450 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं। एक समय था जब बीजापुर और दंतेवाड़ा जैसे जिलों में हालात इतने खतरनाक थे कि हमलों से बचने के लिए किसी भी अभियान से पहले रोड ओपनिंग पार्टी भेजनी पड़ती थी। इन इलाकों में हर वक्त बम धमाके या अचानक गोलीबारी का खतरा मंडराता रहता था। इसके कारण सुरक्षाबल रक्षात्मक होकर अपने शिविरों तक सिमट गए। सुरक्षाबलों का अपना मनोबल तो कमजोर हुआ ही, लोगों का उन पर भरोसा भी डगमगाया। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है, जिसने नक्सलवाद की कमर तोड़ दी। अब जरूरत बस इस बात की है कि सरकार इन क्षेत्रों में रोजगार और विकास के की गति को बनाए रखें। वो दिन दूर नहीं, जब नक्सलवाद केवल इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगा।



वक्फ कानून
राजेश माहेश्वरी

# सर्वोच्च अदालत का संवेदनशील प्रयास

वक्फ संशोधन कानून, 2025 पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया, क्योंकि उसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था, लेकिन कानून के कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक जरूर लगाई है, क्योंकि वे संविधान की हदें लांघते नजर आए और धार्मिक स्वतंत्रता छिनती भी लगी। भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। दरअसल, वक्फ की बेशुमार संपत्तियों पर जो अवैध कब्जे हैं, जो धांधलियां निहित हैं, जो पारदर्शिता और प्रबंधन नहीं है, क्या उन्हें इसलिए छोड़ दिया जाए कि वे मुसलमानों से जुड़ी हैं। सरकार के दायित्व सर्वधर्मा होते हैं। विसंगतियां समाप्त होनी चाहिए, भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाना चाहिए।

वक्फ संशोधन कानून, 2025 पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया, क्योंकि उसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था, लेकिन कानून के कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक जरूर लगाई है, क्योंकि वे संविधान की हदें लांघते नजर आए और धार्मिक स्वतंत्रता छिनती भी लगी। भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। करीब 9.4 लाख एकड़, इतनी जमीन में दिल्ली जैसे 3 शहर बस जाएं। इसी वक्फ बोर्ड से जुड़े एक्ट में बदलाव को लेकर विपक्ष के नेता और मुसलमानों का एक बड़ा तबका लगातार विरोध कर रहा है। शीर्ष अदालत ने व्यक्ति के संपत्ति अधिकारों का फैसला करने का अधिकार कलेक्टर को नहीं दिया, लिहाजा कानून में कलेक्टर की भूमिका को सीमित कर दिया गया। सबसे महत्वपूर्ण न्यायिक समीक्षा यह रही कि अदालत ने 5 साल से मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी। न्यायिक पीठ ने कहा कि जब तक राज्य सरकारें इस संदर्भ में कोई नियम-कानून नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति मुस्लिम है या नहीं, तब तक तत्काल प्रभाव से इस प्रावधान पर रोक लगाई जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी तय कर दिया कि राज्य के वक्फ बोर्ड परिषद में अधिकतम 3 और केंद्रीय परिषद में अधिकतम 4 गैर-मुस्लिम सदस्य होंगे। वक्फ बोर्ड का सीईओ भी यथासंभव मुसलमान होना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का प्रावधान 1995 और 2013 के कानूनों में भी था और अब फिर से लागू किया गया है। इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले के बिना किसी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकता और न ही राजस्व रिकॉर्ड में कोई बदलाव किया जा सकता है। ऐसी न्यायिक समीक्षा के साथ प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज मसीह की पीठ ने वक्फ संशोधन कानून पर अस्थायी और शुरुआती विचार दिया है। यह सर्वोच्च अदालत का अंतरिम फैसला है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस गवई के अनुसार, यह अंतिम निष्कर्ष नहीं है। फिलहाल हमने इतना ही देखा है कि क्या कानून अथवा उसकी किसी धारा पर तुरंत रोक लगाई जाए अथवा नहीं? बहरहाल अंतरिम निष्कर्ष से ही सत्ता और विपक्ष दोनों संतुष्ट हैं और अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन जिन आधारों पर 20 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई थीं, उन पर शिकायतकर्ताओं को हताशा मिली है। यह न्यायिक निष्कर्ष किसी के भी गाल पर तमाचा नहीं है, बल्कि अदालत की सोच रही है कि देश में अमन-चैन, भाईचारा बना रहे। सांप्रदायिक तनाव के हालात न बनें। यह फैसला संसदीय लोकतंत्र के हित में है। संसद के फैसले पर ही अदालत ने बुनियादी मुहर लगाई है। संसद की सर्वोच्चता को लांघा नहीं जा सकता, अदालत ने अपने निष्कर्ष में परोक्ष रूप से यह माना भी है। कानून के विपक्षियों की दलीलें थीं कि वक्फ संशोधन कानून से संविधान के अनुच्छेदों-14, 15, 25, 26, 29, 30 और 300-ए का उल्लंघन होगा, लिहाजा यह कानून संवैधानिक कैसे हो सकता है? न्यायिक पीठ ने इन दलीलों को खारिज करते हुए संशोधित कानून को बरकरार रखा है। विपक्ष ने यहां तक आरोप लगाए कि सरकार मुसलमानों की मस्जिदें, ईदगाह, उनके कब्रिस्तानों की जमीनों पर कब्जा करके अपने 'मित्र



उद्योगपतियों' को सौंपने की मंशा रखती है। अदालत में इन आरोपों का क्या हुआ? अब भी अदालत के सामने यह मामला है। आगे जब सुनवाई शुरू होगी, तो विपक्ष के वकील दलीलें दे सकते हैं, क्योंकि देश जानना चाहता है कि इन सांप्रदायिक आरोपों की बुनियाद क्या थी। मुस्लिम नेताओं, मौलवियों, मुफ्तियों, इमामों आदि ने नौजवान मुसलमानों के लिए बेहद उत्तेजक आह्वान किए कि वे राजधानी दिल्ली में लामबंद हों और सरकार को अपनी ताकत दिखाएं। क्या वाकई ऐसी नौबत आ गई थी? बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिए एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिए नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिए किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके। बहरहाल, इस मुद्दे पर विपक्ष व कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध का जो आधार रहा है, उन मुद्दों को संवेदनशील ढंग से संबोधित करने का प्रयास शीर्ष अदालत ने किया है। अदालत ने विधायिका की सीमाओं में हस्तक्षेप किए बिना न्यायिक तार्किकता को प्राथमिकता दी है। कोर्ट के इस फैसले से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड संतुष्ट नहीं है. मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसी के चलते प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर मंतर पर 24 सितंबर को धरना देने और गिरफ्तारी देने का ऐलान किया है। साथ ही बोर्ड ने मुसलमानों से अपील की है कि 26 सितंबर को सभी मुसलमान अपने ऑफिस और दुकानों को सुबह 8 बजे से 2 बजे तक बंद रखें। असल में जब मामला अदालत में है तो ऐसे में धरना, प्रदर्शन और रैलियां करके मुस्लिम धर्मगुरु या नेता क्या संदेश देना चाहते हैं। क्या ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड खुद को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर समझता है। अहम सवाल है कि भारत में 8.72 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जो दुनिया में सर्वाधिक हैं, फिर भी औसत मुसलमान गरीब, असहाय, अनपढ़ क्यों है? यह सवाल तो 'सच्चर कमेटी' की रपट में भी उठाया गया था। सवाल यह भी है कि वक्फ ट्रिब्यूनल में आज भी 14,417 विवादित केस क्यों लंबित हैं? न्यायिक पीठ ने 'वक्फ बाय यूजर' के स्थान पर भविष्य में 'वक्फ बाय ऑनर' का फैसला क्यों दिया है? दरअसल, वक्फ की बेशुमार संपत्तियों पर जो अवैध कब्जे हैं, जो धांधलियां निहित हैं, जो पारदर्शिता और प्रबंधन नहीं है, क्या उन्हें इसलिए छोड़ दिया जाए कि वे मुसलमानों से जुड़ी हैं। सरकार के दायित्व सर्वधर्मा होते हैं। विसंगतियां समाप्त होनी चाहिए, भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

नवरात्रि विशेष
डॉ. सूर्यकांत मिश्रा




# मातृशक्ति के जीवनचक्र का प्रतिबिंब है नवरात्रि पर्व

नवरात्रि केवल देवी पूजा का पर्व ही नहीं है , बल्कि यह एक ऐसा समय है जब व्यक्तिगत जीवन में आने वाले परिवर्तनों को सकारात्मक रूप से अपनाने, व्यक्तिगत बाधाओं को दूर करने और एक बेहतर व्यक्ति बनने का दृढ़ निश्चय करता है, जिसे संकल्प कहा जाता है। नवरात्रि देवी मां के सम्मान में हमारे देश में मनाए जाने वाले सारे पर्वों में मुख्य पर्व माना जाता है। यह एक विशेष पर्व है जिसमें पारंपरिक पूजन, नृत्य व संगीत सभी शामिल रहते हैं। नवरात्रि का वास्तविक अर्थ है - हमारे जीवन के सभी तीन तत्वों को नौ दिनों तक विश्राम देना। नवरात्रि के पहले तीन दिन 'तामसिक दिन' होते हैं । उसके बाद 'राजसिक दिन' आते हैं और अंत के तीन दिन 'सात्विक दिन' होते हैं । हर दिन का अपना विशेष महत्व होता है। पूरे नौ दिन यज्ञ, पूजा और होम किए जाते हैं। अग्नि को अर्पित की जाने वाली सामग्री में विभिन्न जड़ी-बूटी, फल, वस्त्र और मंत्र शामिल होते हैं, जो मुग्ध कर देने वाले तेजोमय दैवीय वातावरण का निर्माण करते हैं। नवरात्रि की शुरुआत सर्वप्रथम मन की अशुद्धियों को दूर करने के लिए मां दुर्गा के आह्वान के रूप में की जाती है। कहा जा सकता है कि पहला कदम - लालसा, द्वेष, दंभ, लोभ आदि प्रवृत्तियों पर विजय पाना होता है। इसके पश्चात उत्कृष्ट मूल्यों व गुणों और समृद्धि को विकसित करने के लिए मां लक्ष्मी का आह्वान किया जाता है । अंत में आत्म के सर्वोच्च ज्ञान की प्राप्ति हेतु मां सरस्वती का आव्हान किया जाता है। नवरात्रि जैसे परम कल्याणकारी पर्व को मनाने का उद्देश्य जड़ता से प्रसन्नता की ओर, कामना से तृप्ति की ओर अग्रसर होना ही है । जिस प्रकार हम प्रतिदिन रात्रि के समय विश्राम करते हैं, ठीक उसी तरह भारतीय संस्कृति के अनुसार वर्ष में दो बार ध्यान साधना के द्वारा गहरे विश्राम में जाने और स्वयं का पुनर्नवीनीकरण करने की परंपरा है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित होते हैं। यह पूजा अपनी ऊर्जा और शक्ति द्वारा की जाती है। नवरात्रि के चौथे-पांचवें प्रत्येक दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप को समर्पित हुआ करता है। नवरात्रि के चौथे ,पांचवें और छठवें दिन समृद्धि को समर्पित और शांति की देवी लक्ष्मी की पूजा लिए समर्पित होते हैं। मां लक्ष्मी की पूजा से व्यक्ति अहंकार, क्रोध , वासना और अन्य पशु प्रवृत्ति की बुरी चीजों से छुटकारा पाने का संकल्प लेता है। शक्ति और धन से परिपूर्ण होने के बावजूद मानव जीवन जीने के लिए ज्ञान आवश्यक है। यही कारण है कि नवरात्रि के पांचवें दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। सातवें , आठवें और नवें दिन आध्यात्मिक ज्ञान के उद्देश्य से मां से प्रार्थना की जाती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण नवमी तिथि पर उन 9 लड़कियों की पूजा की जाती है , जो अभी तक अपनी युवावस्था में नहीं पहुंची हैं। ऐसा माना जाता है कि यही 9 लड़कियां मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक हैं। हिंदू दर्शन में नवरात्रि काल को शक्ति संचय की दृष्टि से अति विशिष्ट माना जाता है। विशिष्ट साधना काल में साधक आदि शक्ति की उपासना के साथ नारी शक्ति की गरिमा को साकार रूप प्रदान करता है। भारतीय संस्कृति में नारी को प्राचीन काल से ही सम्मान और सुरक्षा दी गई है, हमारे पौराणिक एवं महाकाव्यात्मक ऐतिहासिक शास्त्रों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परंपरा के सम्मान का प्रतीक मानी जाती है। यह केवल उपवास और व्रत का पर्व नहीं बल्कि नारी शक्ति एवं कन्याओं के सम्मान का भी महापर्व है। वास्तव में देखा जाए तो नवदुर्गा एक स्त्री के पूरे जीवन चक्र का प्रतिबिंब है। हम जिन 9 स्वरूपों की पूजा करते हैं उन सभी का स्वरूप नारी के बाल स्वरूप से युवावस्था तक के पौराणिक कथानकों का चित्रण कहा जा सकता है। जन्म ग्रहण करती हुई कन्या को शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। कौमार्य अवस्था ब्रह्मचारिणी का स्वरूप हुआ करता है। एक युवती विवाह से पूर्व तक चंद्रमा के समान निर्मल होने के कारण चंद्रघंटा का रूप ग्रहण करती है। जब वही युवती नए जीव को जन्म देने के लिए गर्भधारण करती है ,तो कुष्मांडा के रूप में पूजी जाती है। संतान को जन्म देने के बाद वही स्त्री अब स्कंदमाता हो जाती है। संयम और साधना को धारण करने वाली स्त्री कात्यायनी रूप में दर्शन देती है। अपने संकल्प से पति की अकाल मृत्यु को भी जीत लेने से वही कालरात्रि रूप में पूजी जाती है। संसार जिसे मां ,अपना कुटुंब मानती है, सभी पर उपकार करने से महागौरी का रूप प्राप्त करती है और धरती को छोड़कर स्वर्ग प्रयत्न करने से पहले संसार में अपनी संतान को सिद्धि का आशीर्वाद देने वाली मां सिद्धिदात्री कहलाती है । अतः हम कह सकते हैं कि प्रत्येक स्त्री अपने आप में कही ना कहीं मां जगदंबे का ही प्रतिबिंब है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## उपकार



संकलित
दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ ङोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कंप्यूटर शिक्षा वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य हो**

आधुनिक युग में कंप्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हर काम कंप्यूटर से किया जाता है और आसान हो गया है। दूरसंचार हो या बिजनेस शिक्षा हो या खेलकूद विज्ञान, बैंकिंग हो या मनोरंजन। हर जगह कंप्यूटर का उपयोग हो रहा है। नई-नई खोजें कंप्यूटर के माध्यम से हो रही हैं। व्यापार कंप्यूटर के माध्यम से हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स ने चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम कायम किए हैं। आज हमारे वैज्ञानिक चांद और मंगल ग्रह पर पहुंच गए हैं। यह भी कंप्यूटर के माध्यम से संभव हो पाया है। सूचनाओं का आदान-प्रदान कंप्यूटरों के माध्यम से हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से हम किसी भी विषय की जानकारी ले सकते हैं।

**-अमित देवांगन**, कुम्हारी

## ट्रेंड

### कदम्ब का पौधा



आज सुबह, 7, लोक कल्याण मार्ग पर एक कदम्ब का पौधा लगाया, जो महामहिम राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा उपहार में दिया गया था। वे पर्यावरण और स्थिरता के प्रति बहुत समर्पित हैं, और यह विषय हमारी चर्चाओं में भी शामिल होता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गहरी संवेदनाएं व्यक्त



प्रसिद्ध गायक, गीतकार, संगीतकार और ज़ुबीन गर्ग के सिंगापुर में एक दुर्घटना में असामयिक निधन से मैं स्तब्ध हूँ। 'असम की आवाज़' के रूप में प्रशंसित, कई भारतीय भाषाओं में उन्होंने अपनी आवाज़ से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### छात्र शक्ति की विजय



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में 4 में से 3 पदों पर एबीवीपी की शानदार जीत छात्र राजनीति में नई ऊर्जा और नई दिशा का प्रतीक है। यह केवल एक संगठन की नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद और छात्र शक्ति की ऐतिहासिक विजय है।

**- मनोज तिवारी, सांसद, भाजपा**

### सामुदायिक संसाधन



पानी कोई व्यक्तिगत संसाधन नहीं है। यह सामुदायिक संसाधन है। यह किसी एक व्यक्ति का नहीं हो सकता। हमें पानी की पूजा करनी चाहिए, न कि उसे सिर्फ़अपने शौचालयों में बहा देना चाहिए।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर


### 'हे भगवान, अब हमारे देश का क्या होगा ?'

अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपनी नयी किताब में बताया कि जब उन्हें 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप से हारने की खबर मिली तो उन्हें इस पर यकीन नहीं हुआ। किताब में बताया गया है कि हार की खबर मिलने के बाद हैरिस की एक सहयोगी ने कपकेक पर लिखे वाक्यांश ''मैडम प्रेसिडेंट'' को हटाया और उन्हें वहां निराश कर्मचारियों में बांट दिया। खबर सुनकर हैरिस ने कहा, ''हे भगवान, अब हमारे देश का क्या होगा?'' अगले दिन भी वह सदमे में रहीं और इस खबर को स्वीकार नहीं कर पा रही थीं। हैरिस ने अपनी किताब ''107 डेज़'' में ये वाकये बताए हैं जिसका मंगलवार को विमोचन होगा। किताब का शीर्षक राष्ट्रपति चुनाव के लिए चलाए गए उनके अभियान की ओर इशारा करता है। इसमें उन्होंने अपनी गलतियों को स्वीकार किया है, अपनी नाराजगियां उजागर की हैं और कई अजीब क्षणों का जिक्र किया है। हैरिस लिखती हैं कि 81 वर्ष की उम्र में बाइडन थक गए थे और चुनाव संबंधी बहस के दौरान उनकी यह स्थिति साफ झलक रही थी। फिर भी उनकी टीम 'जो बाइडन जीतो' जैसे नारे देती रही। हैरिस ने माना कि कभी-कभी उनके और बाइडन के रिश्तों में खटास भी आयी। किताब में हैरिस अपनी कुछ गलतियों को स्वीकार करती हैं, खासकर 'द व्यू' टॉक शो में अपनी एक खराब उपस्थिति को लेकर।



## ऑफ बीट

### क्या सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल करना सुरक्षित है?



स्वस्थ वयस्क प्रतिदिन एक लीटर से ज़्यादा मूत्र और 100 ग्राम से ज़्यादा मल त्यागते हैं। हर कोई मल और मूत्र में बैक्टीरिया और वायरस छोड़ता है, और इनमें से कुछ शौचालय में पहुँच जाते हैं। कुछ लोग, खासकर दस्त से पीड़ित लोग, शौचालय का इस्तेमाल करते समय ज़्यादा हानिकारक रोगाणु (बैक्टीरिया और वायरस) छोड़ सकते हैं। सार्वजनिक शौचालय /"सूक्ष्मजीवों का ढेर/" हो सकते हैं, विशेषकर तब जब बहुत से लोग उनका उपयोग करते हैं और उनकी सफाई उतनी बार नहीं होती जितनी होनी चाहिए। टॉयलेट सीट पर कौन से कीटाणु पाए जाते हैं? टॉयलेट सीट और उसके आस-पास कई तरह के रोगाणु पाए गए हैं। इनमें शामिल हैं: आंत के बैक्टीरिया, जैसे ई. कोलाई, क्लेबसिएला, एंटरोकोकस, और नोरोवायरस व रोटावायरस जैसे वायरस। ये गैस्ट्रोएंटेराइटिस, उल्टी और दस्त का कारण बन सकते हैं। त्वचा के बैक्टीरिया, जिनमें स्टैफिलोकोकस ऑरियस और यहाँ तक कि बहु-दवा प्रतिरोधी एस. ऑरियस और स्यूडोमोनास व एसिनेटोबैक्टर जैसे अन्य बैक्टीरिया संक्रमण का कारण बन सकते हैं। मल में मौजूद परजीवियों (कीड़ों) के अंडे और प्रोटोज़ोआ जैसे एक कोशिकीय जीव भी संक्रमण और पेट दर्द का कारण बन सकते हैं।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



खास खबर

# नवोदय परिसर में आंखों से कमजोर छात्र के गले में अन्य ने फंदा डाला, और कहा- लटक जाओ नहीं तो हम गला दबा देंगे

**हरिभूमि न्यूज/ राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगांव निवासी एक परिवार ने अपने 11 वर्षीय पुत्र के साथ डोंगरगढ़ के नवोदय विद्यालय में हुई यातनाओं, मानसिक प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एसडीएम को आवेदन देकर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। बालक कक्षा 6 वीं का छात्र है। परिजनों ने बताया कि बीते 17 और 18 सितम्बर को विद्यालय परिसर में उनके पुत्र के साथ गंभीर घटनाएं घटी। उनके पुत्र को कक्षा 8वीं और 7वीं के कुछ छात्रों द्वारा जबरन धमकाते हुए उसके गले में रस्सी बांधकर कहा कि पंखे से लटक जाओ, अन्यथा हम तुम्हारा गला दबाकर मार डालेंगे। एक छात्र ने तो उसका गला भी दबाया। कॉपियों छुपाई, वस्तुएँ तोड़ीं गई। छात्रावास में बिस्तर पर पानी-मिट्टी डाला। कई बार थाली, गिलास और उसकी चप्पल बाहर फेंक दी गई।

**मामला छुपाने, स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को मानसिक रुप से कमजोर बता, पुरानी टीसी दे दी**



**पढ़ाई में हमेशा रहा आगे :** उक्त बालक ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। उसकी एक आंख कृत्रिम है और दूसरी आँख से भी केवल आंशिक दृष्टि होने के बाद भी वह पूर्व में भी सीजी स्कूल में कक्षा का टॉपर रहा है। कठिन परिस्थितियों में भी अच्छी पढ़ाई की है। नवोदय में प्रवेश के लिए उसमें परीक्षा भी पास की और मेडिकल सर्टिफिकेट भी बनवाया। जिसमें महज आंख की समस्या ही सामने आई।

## जांच और कार्रवाई की मांग

परिजनों ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा प्रताड़ित होते हुए वह काफी भयभीत हो गया है। उसे बार-बार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा और कहा गया कि यदि उसने यह बात घर या किसी शिक्षक को बताया तो उस पर 50 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। इन सब बातों को विद्यालय में छुपाने का भी प्रयास किया गया। इस पूरे मामले में पीड़ित विद्यार्थी के परिजनों ने पूरे प्रकरण की जांच करने और दोषी पाए जाने वाले संबंधित सभी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

**एफआईआर के लिए थाने पहुंचे:** पीड़ित छात्र के परिजनों ने बताया कि उन्हें नवोदय विद्यालय से फोन आया कि आपका पुत्र फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। इसके बाद परिवार के लोग स्कूल पहुंचे तो स्कूल प्रबंधन के द्वारा उसकी पुरानी टीसी और उसका सामान पहले से ही लिखापाढ़ी कर तैयार रखा गया था। जब परिजन पहुंचे तो प्राचार्य के द्वारा बालक को स्कूल से निकल जाने की बात कही गई । आज पीड़ित परिजन डोंगरगढ़ थाने में एफआईआर के लिए पहुंचे। स्कूल प्रबंधन को भी बुलाया गया।

**स्कूल प्रबंधन की लापरवाही:** परिजनों ने कहा कि नवोदय विद्यालय द्वारा छात्र को मानसिक रूप से कमजोर बताकर स्कूल से निकालने टीसी थम दी गई है। उक्त विद्यार्थी लगभग 3 महीने से विद्यालय में अध्ययनरत है । नवोदय विद्यालय की टीसी नहीं देकर उसकी पुरानी टीसी ही दे दी गई है। जबकि उसने नवोदय की परीक्षा पास करके जनरल केटेगरी से यहां प्रवेश पाया था। मामले में स्कूल प्रबंधन की लापरवाही भी दिखाई दे रही है।

**खबर संक्षेप**

## टीटीई ने ट्रेन रोकी, 15 साल बाद हाईकोर्ट ने सभी सजा खारिज की

**बिलासपुर।** ट्रेन में चेन पुलिंग करने पर सजा पाए एक टीटीई को हाईकोर्ट ने 15 साल बाद बरी कर दिया है। साल 2012 में रेलवे ने दो बार चेन पुलिंग के आरोप में टीटीई की वेतन वृद्धि रोकी, डिमोशन किया और वेतन कटौती की सजा दी थी। मामला साल 2012 का है। रेलवे ने 2 आरपीएफ जवानों के गवाह के आधार पर टीटीई को सजा दी थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि टीटीई ने चेन तो खींची पर उनका परिवार नहीं आया। हाईकोर्ट ने 15 साल बाद उन्हें राहत देते हुए सजा को रद्द कर दिया है। कोर्ट के मुताबिक आरोप स्पष्ट नहीं थे और ऐसे में सजा देना उचित नहीं था। दरअसल आस्टिन हाइड रेलवे में टीटीई पद पर पोस्टेड हैं। 15 जुलाई 2010 में आस्टिन बिलासपुर रेलवे स्टेशन से यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 2252 में बतौर यात्री सफर कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने ट्रेन की अलार्म चेन दो बार खींची। उन पर आरोप लगा कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनके परिवार की महिलाएं और सामान ट्रेन में चढ़ाई जा सके।

### पुलिस आरोपियों के विरूद्ध न्यायालय में नहीं पेश कर पाई ठोस सबूत

# बहुचर्चित नागाडबरा ट्रिपल मर्डर के सभी 12 आरोपी हुए दोषमुक्त

**जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत वनांचल ग्राम नागाडबरा में करीब डेढ़ साल पूर्व तीन बैगा आदिवासियों की संदिग्ध मौत के बहुचर्चित मामले में पुलिस द्वारा हत्या के आरोप में गिरफ्तार सभी 12 आरोपियों को 18 सितम्बर को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कबीरधाम छत्तीसगढ़ पीठासीन अधिकारी गितेश कुमार कौशिक ने दोषमुक्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस हत्या के आरोप में गिरफ्तार आरोपियों में से किसी के भी विरूद्ध न्यायालय में कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम नागाडबरा के एक मकान में करीब डेढ़ वर्ष पूर्व 14 जनवरी 2024 को स्थानीय निवासी बुधराम बैगा, हीरमति बाई एवं जोन्हू राम बैगा का जली हुई अवस्था में शव पड़ा मिला था। मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस, आला अधिकारी और विशेषज्ञ टीम ने मौका मुआयाना करने के बाद तथा घटनास्थल की स्थिति परिस्थियों को देखते प्रथम दृष्टया इसे अग्रि दुर्घटना के चलते तीनो ग्रामीणों की मौत का मामला मान लिया था। पुलिस की अग्नि दुर्घटना से तीनों ग्रामीणों की मौत की दलील और प्रारंभिक जांच किसी के गले नहीं उतर रही थी। मृतकों के परिजनों से लेकर बैगा आदिवासी समाज तथा विपक्षी राजनैतिक दल इसे अग्रि दुर्घटना नहीं बल्कि अज्ञात आरोपियों द्वारा सोची समझी साजिश के तहत तीन निर्दोष ग्रामीणों की हत्या करार



दे रहे थे। जिसे लेकर बैगा आदिवासी समाज ने धरना प्रदर्शन भी किया। पुलिस प्रशासन पर आरोपियों को बचाने के आरोप भी लगाए। बाद में जब यह मामला तूल पकडऩे लगा और विपक्षी राजनैतिक दल मामले को लेकर सक्रिय होने लगे तब घटना के करीब महीने भर बाद पुलिस ने इस मामले में मृतक बुधराम बैगा, हीरमति बाई एवं जोन्हू राम बैगा की हत्या किए जाने के आरोप में कुल 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चारू बैगा पिता बजरू बैगा, उम्र 25 वर्ष, संतूराम बैगा पिता-सुखराम बैगा, उम्र 35 वर्ष, बजरू बैगा पिता-गोठू बैगा, उम्र-56 वर्ष, सुख सिंह बैगा पिता धानूराम बैगा, उम्र 30 वर्ष, बुध सिंह बैगा पिता-हीरालाल बैगा, उम्र 33 वर्ष, बुधलाल पिता-डोंगरू बैगा, उम्र 36 वर्ष, राजो बाई पिता-भुस्सा बैगा, उम्र 50 वर्ष, अक्कल बैगा पिता-बुद्धू सिंह बैगा, उम्र-45 वर्ष, बुधवारिन बाई बैगा पति अक्कल बैगा, उम्र-42 वर्ष, मियाजी पिता-बहादूर सिंह बैगा, उम्र-30 वर्ष, सुखराम बैगा पिता-बुधराम बैगा, उम्र-29 वर्ष, तथा तिहारू बैगा पिता लम्हा बैगा, उम्र 35 वर्ष को अपराध क्रमांक 21/2024 धारा 148, 302/149 (तीन बार), 120 बी, 201,-149, 436, 149 भादसं के तहत गिरफ्तार कर लिया। तथा कथित साक्ष्यों के साथ चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। लेकिन करीब डेढ़ वर्षो तक चली इस बहुचर्चित हत्याकाण्ड की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीले सुनने के बाद 18 सितम्बर को अपना निर्णय सुनाते हुए हत्या के सभी 12 आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया।

## पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर उठ रहे सवाल

इस बहुचर्चित तथा कथित ट्रिपल मडर के मामले में न्यायालय का फैसला सामने आने के बाद अब जिला पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं कि घटना के करीब महिने भर की जांच में पुलिस प्रशासन ने ऐसे कौन से साक्ष्य जुटाए थे कि उसने सोची समझी साजिश के तहत तीन ग्रामीणों की हत्या किए जाने के आरोप में थोकभाव में 12 ग्रामीणों को बेहद संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर लिया। सवाल यह भी उठाए जा रहे हैं कि पुलिस प्रशासन ने यह गिरफ्तारी क्या वास्तव में पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर की थी या फिर राजनैतिक दबाव के चलते और अगर उसने 12 आरोपियों की गिरफ्तारी वास्तव में साक्ष्यों के आधार पर की थी तो फिर पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को न्यायालय ने क्यों नकार दिया और क्यों 12 की 12 आरोपी पूरी तरह से दोषमुक्त हो गए।

### सेंट्रल पूल में 55 प्रतिशत चावल ही जमा

# केंद्र ने चावल लेने कोटा बढ़ाया, रैक नहीं मिलने से ठप हो सकती है मिलिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार ने 8 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त चावल सेंट्रल पूल में लेने की मंजूरी तो दे दी, लेकिन राज्य में तैयार हो रहे चावल के परिवहन के लिए रेलवे की रैक ही नहीं मिल रही है। यही कारण है कि सेंट्रल पूल के लिए अब तक केवल 55 प्रतिशत चावल ही जमा हो पाया है। इधर केंद्र को चावल देने के लिए 30 नवंबर तक का समय तय है। चावल का उठाव न हो पाने से राज्य की 80 प्रतिशत मिलों में काम बंद होने का दावा मिलर कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन में सेंट्रल पूल, राज्य पूल के लिए निर्धारित चावल लेने के बाद भी राज्य में बड़ी मात्रा में धान निराकरण के लिए शेष रह गया था।

**30 नवंबर तक जमा करना है चावल:** केंद्र ने सेंट्रल पूल के लिए जो चावल लेने की मंजूरी दी है, उसके मुताबिक राज्य में सरकार मिलिंग के जरिए चावल तैयार करा रही है, लेकिन बताया गया है कि सेंट्रल पूल के लिए अन्य राज्यों, जैसे महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, कर्नाटक आदि में चावल भेजने के लिए रेल की व्यवस्था नहीं हो रही है। हालत ये है कि इस साल शुरू से ही चावल भेजने की गति धीमी हो गई है। इधर सेंट्रल पूल में चावल देने के लिए 30 नवंबर अंतिम तिथि तय है। अब तक 55 प्रतिशत चावल ही जमा हो पाया है, 45 प्रतिशत जमा होना बाकी है।





# हुमा को बुसान फिल्म फेस्टिवल में मिला फेस ऑफ एशिया अवॉर्ड

**मुंबई।** हुमा कुरैशी बुसान फिल्म फेस्टिवल में फेस ऑफ एशिया का अवॉर्ड पाकर काफी खुश हैं। इस अवॉर्ड को उन्होंने अपने लिए बहुत खास बताया। अवॉर्ड लेते हुए वह इमोशनल भी हुईं और अपने सपनों को पूरा करने की कहानी को एक्ट्रेस ने बयां किया। अवॉर्ड पाने के बाद फिल्म फेस्टिवल के मंच पर हुमा कुरैशी ने कहा, 'बुसान में यह मेरा पहला एक्सपीरियंस है। यह अवॉर्ड मेरे लिए बहुत खास है। मेरे पिता दिल्ली के निजामुद्दीन में पैदा हुए थे, मां एक गांव में पैदा हुई थीं। मुझे हमेशा कहा जाता था कि एक्ट्रेस बनना मेरे बस की बात नहीं है। यही वजह है कि आज यहां खुद को देखना बड़ी बात है। यह अवॉर्ड उन युवा लड़कियों के लिए है, जो कुछ करना चाहती हैं, जो सपने देखने की हिम्मत रखती हैं।'

लाइफ Style



# श्रद्धा

## कोई ऐसा ढूंढो जो नखरा उठाए

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर का नाम पिछले कुछ वक्त से राहुल मोदी के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर ही दोनों को एकसाथ भी कई मौकों पर देखा गया है। हालांकि, अभी तक दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते पर मोहर नहीं लगाई है। अब हाल ही में श्रद्धा ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो कैमरे की ओर घूर रही हैं और उनके चेहरे को जूम इन जूम आउट किया जा रहा है।

वैसे तो वीडियो बनाने वाले की शक्ल नहीं दिख रही है, लेकिन श्रद्धा ने अपनी इस पोस्ट में राहुल मोदी को टैग किया है। साथ ही श्रद्धा के कैप्शन ने एक बार फिर दोनों के अफेयर की चर्चाओं को हवा दी है। श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में श्रद्धा एक टेबल के पास बैठी हैं और टेबल पर कुछ कटोरियां और ग्लास रखे हुए हैं। वीडियो में श्रद्धा की ओर जूम इन और जूम आउठ किया जाता है। फिर श्रद्धा पहले मुस्कुराती हैं, फिर घूरती हैं। उसके बाद वो बड़े ही क्यूट अंदाज में हट करती हैं। फिर गुस्से में कुछ बड़बड़ाती हुई ग्लास उठाकर ड्रिंक पीने लगती हैं। इस वीडियो पर श्रद्धा ने लिखा है, 'कोई ऐसा ढूंढो जो ये नखरा उठा पाए।' वहीं, इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में श्रद्धा ने लिखा है, 'ऐसा हट सुनने वाला किस किसके पास है?' वीडियो में श्रद्धा के अलावा कोई दिख तो नहीं रहा है, लेकिन श्रद्धा ने अपनी पोस्ट में राहुल मोदी को भी टैग किया है। इसके बाद अब दोनों के अफेयर की चर्चाओं को एक बार फिर और भी हवा मिली है। श्रद्धा का ये वीडियो अब उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है और वो एक्ट्रेस पर प्यार बरसा रहे हैं। श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी के डेटिंग की अफवाहें 2024 की शुरुआत में शुरू हुईं, जब उन्हें मुंबई में एक डिनर डेट से निकलते हुए देखा गया। तब से दोनों को कई इवेंट्स में साथ देखा गया है।

# लॉर्ड कर्जन की हवेली में रसिका की हुई एंट्री



**मुंबई।** मिर्जापुर वेब सीरीज में बीना त्रिपाठी के किरदार से मशहूर हुईं एक्ट्रेस रसिका दुग्गल जल्द ही एक ब्लैक कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का नाम है 'लॉर्ड कर्जन की हवेली'। जानिए आप कब देख सकेंगे अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की यह फिल्म। रसिका दुग्गल ने शुक्रवार को अपनी आगामी फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' का एक शानदार पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। फिल्म के इस पोस्टर में फिल्म के मुख्य कलाकार नजर आ रहे हैं। ब्लैक-कॉमेडी 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' इस साल 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमान झा ने किया है, जो उनकी पहली निर्देशित फिल्म है। इस फिल्म में अर्जुन माथुर, तन्मय धनानिया और परेश पाहुजा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म पूरी तरह से ब्रिटेन में एक ही लेंस से शूट की गई है। यह एक रहस्यमयी और मजेदार कहानी है, जिसमें कॉमेडी, थ्रिलर और पहचान जैसे विषयों को दर्शाया गया है। रसिका ने बताया कि फिल्म का प्रीमियर मेलबर्न में हुआ था और इसे कई फिल्म समारोहों में दर्शकों ने खूब पसंद किया। खास तौर पर शिकागो में दर्शकों के साथ इसे देखने का अनुभव उन्हें बहुत अच्छा लगा। फिल्म का निर्माण गोल्डन रेशियो फिल्म्स और फर्स्ट रे फिल्म्स ने मिलकर किया है। इस फिल्म को मैक्स मार्केटिंग लिमिटेड प्रस्तुत कर रहा है। एक्टर संजय बिश्नोई ने रसिका की इस पोस्ट पर क्लैप इमोजी शेयर किया है। वहीं रसिका के फैंस उनकी इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में इमरान का कैमियो



**मुंबई।** 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' शो 18 सितंबर को रिलीज हो चुका है। इसमें बॉबी देओल, लक्ष्य, राघव जुयाल, सहर बांबा और मोना सिंह हैं। शो में आमिर खान, सलमान खान, शाहरुख खान, रणवीर सिंह करण जौहर और कई दूसरे सितारे कैमियो रोल में नजर आए हैं। हालांकि, इन सब के अलावा इमरान हाशमी ने शो में दमदार कैमियो किया है। उनका कैमियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने शो में इमरान हाशमी के कैमियो को शेयर किया है। इसमें राघव 'कहो न कहो' गाना गाते हुए नजर आ रहे हैं। इस गाने से इमरान हाशमी चिढ़ते हुए नजर आ रहे हैं। यूजर ने यह क्लिप शेयर करते हुए लिखा 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का सबसे मजाकिया सीन। पूरे एपिसोड का सबसे अच्छा लम्हा। इमरान हाशमी के सामने राघव जुयाल ने कॉमेडी की।' एक दूसरी क्लिप में राघव इमरान हाशमी से कह रहे हैं कि इमरान हाशमी के जैसा कोई नहीं। वह कहते हैं 'पहले भी कहा है, अब भी कहूंगा, मरते दम तक कहता रहूंगा। सारा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ।' एक यूजर ने इस क्लिप को शेयर करते हुए लिखा अभनेता को प्यार।

# वीरांगना के लुक में नजर आईं ईशा

**नई दिल्ली।** ईशा कोप्पिकर ने शुक्रवार को अपना 49वां जन्मदिन मनाया। एक्ट्रेस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर फैंस को चौंका दिया। जिसमें वह वीरांगना के रूप में नजर आ रही हैं। ईशा ने लाल रंग की साड़ी पहन रखी है, जिस पर गोल्डन कलर का वर्क हुआ है। उन्होंने गले में नेकलेस और कानों में बड़े-बड़े झुमके के साथ ही बालों को पीछे खुले रखे हैं। उनके एक हाथ में तलवार है, तो दूसरे में ढाल है, जो बिल्कुल एक वीरांगना का लुक लग रहा है। वीडियो के बैकग्राउंड में अभिनेत्री की वॉयस ऐड की गई है, जिसमें अभिनेत्री कहती हैं, 'वो कहते थे, चूड़ियां ही हमारे हाथों में अच्छी लगती हैं, पर हमने तलवार भी उठाई और मैदान लाल कर दिए। हम शक्ति हैं। हमारी दहाड़ जंग का आगाज है।' ईशा ने कैप्शन दिया, 'तेवर में शक्ति, नजर में शान, उसी पल लिखा गया रानी का नाम।' यह लुक न सिर्फ उनकी खूबसूरती को निखार रहा है, बल्कि एक नई फिल्म की संभावना को भी जन्म दे रहा है। फैंस कयास लगा रहे हैं कि ईशा कोप्पिकर एक बार फिर स्क्रीन पर वापसी कर सकती हैं और वो भी एक दमदार महिला किरदार के रूप में, जो शायद किसी ऐतिहासिक भूमिका में हो। ईशा कोप्पिकर ने 1995 में मिस इंडिया प्रतियोगिता में भाग लिया और मिस टैलेंट क्राउन जीता। उन्होंने साल 1997 में तेलुगु फिल्म से अभिनय करियर की शुरुआत की. इसके बाद उन्होंने साउथ की कई फिल्मों में काम किया, जिनमें 'कढ़ाल कविधाई', 'एन स्वासा काटरे' और 'नेन्जीनीले' शामिल हैं। साल 2000 में उन्होंने फिल्म 'फिजा' में एक छोटे से रोल से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह फिल्म 'राहुल' में नजर आईं. साल 2001 में वह फिल्म 'प्यार इश्क और मोहब्बत' में दिखी थीं।



# केवल 3 एक्टर्स के साथ शूट हुई ये साइकोलॉजिकल हॉरर




**नई दिल्ली।** आज हम आपको बॉलीवुड की उस फिल्म के बारे में बता रहे हैं जो साल 1999 में रिलीज हुई थी। यह एक साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म थी जिसमें केवल तीन एक्टर्स थे। इस फिल्म की कोई स्क्रिप्ट नहीं थी। एक्टर्स सेट पर जाकर तय करते थे कि उन्हें क्या करना है। इस फिल्म के लेखक कोई और नहीं, बल्कि बॉलीवुड के शानदार फिल्ममेकर अनुराग कश्यप हैं। फिल्म में उर्मिला की एक्टिंग को खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म का नाम है कौन। इस फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी, उर्मिला मातोंडकर और सुशांत सिंह नजर आए थे। पूरी फिल्म में केवल एक घर नजर आया है। फिल्म एक्टर सुशांत सिंह ने डिजिटल कमेंट्री के साथ एक इंटरव्यू में बताया था कि फिल्म का एक मोटा-मोटा खाका तैयार था, कहानी के लिए। कोई बाउंस स्क्रिप्ट नहीं थी, लिखित डायलॉग्स नहीं थे। वो लोग सेट पर पहुंचकर चर्चा करते थे। एक सीन हो गया, फिर हम दूसरे सीन पर चर्चा करते थे। अगला सीन क्या होगा, इस हद तक उन लोगों की चर्चा होती थी। आईएमडीबी के मुताबिक, ये फिल्म 15 दिनों में शूट हो गई थी।

नहीं थी कोई स्क्रिप्ट सेट पर तय होते थे **डायलॉग्स**

# दिहाड़ी में 600 रुपए कमाने वाले कारपेंटर ने जीते 50 लाख रुपए



**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के लेटेस्ट एपिसोड में हॉट सीट पर कारपेंटर छिंदर पाल जीते, जो एक रोलओवर कंटेस्टेंट थे। उन्होंने अपने गेम और सूझ-बूझ से होस्ट अमिताभ बच्चन को भी हैरान कर दिया। 600 रुपए प्रतिदिन की दिहाड़ी कमाने वाले छिंदर पाल ने पूछे गए सवालों और दी गईं लाइफलाइन की मदद से 50 लाख रुपए जीत लिए। वह एक करोड़ रुपए के सवाल पर भी पहुंच गए, पर उसका जवाब नहीं दे पाए। अमिताभ बच्चन ने छिंदर पाल के साथ एपिसोड की शुरुआत की और 7.50 लाख रुपए के लिए 11वां सवाल पूछा। सवाल था- भारतीय भिक्षु बोधिधर्म के इतिहास से संबंधित इनमें से कौन सी वस्तु श्री नरेंद्र मोदी को 2025 में उनके जापान दौरे के दौरान भेंट की गई थी? छिंदर पाल ने इसका सही जवाब दिया। उन्होंने 12 लाख 50 हजार रुपए के लिए पूछे गए सवाल का भी लाइफलाइन के बिना सही जवाब दिया।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा सही संपर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर मो. - 8109135400. (RO-998)

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप हेतु कर्मठ उर्जावान बारहवीं पास कर्मचारी की आवश्यकता है, महिला को प्राथमिकता। बोलचाल सरल सभ्य हो। बायोडाटा प्रमाणपत्र सहित मिलें- गुरमेल सिंह एंड संस बीपीएल डीलर सेक्टर 40 ,नया रायपुर 9522945744(RO-398)

### ड्रायवर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- अनुभवी गैर अनुभवी कार ड्राइवर, टाटा एस ड्राइवर, ट्रैक्टर ड्राइवर हमाल, कम्प्यूटर ऑपरेटर सेल्स गर्ल सेल्स मैन की आवश्यकता है काम करने वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें- 7489770673, 9826183500.(RO-2603)

### टेलीकॉलर

आवश्यकता है- बाबा हॉस्पिलिटी के लिए टेलीकॉलर फीमेल स्टाफ की आवश्यकता है। संपर्क रिंग रोड नंबर 1, वाटर फिल्टर मठ पुरेना भाटागांव के सामने रायपुर छत्तीसगढ़ संपर्क नंबर - 9589989908, 6265022400.(RO-4801)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- रायपुर में वाहन पार्किंग यार्ड में गाड़ियों का हिसाब किताब रखने/ साफ सफाई के लिए दसवीं/ बारहवीं पढ़े छोटे परिवार की। रहने की व्यवस्था उपलब्ध। वेतन 10000/योग्यतानुसार। 10 बजे बाद 7974100341 कॉल करें।(RO-266)

### इलेक्ट्रीशियन/गार्ड

आवश्यकता है- लेडी वाईस प्रिंसिपल, क्लर्क, रिसेप्शनिष्ट, इंचार्ज, एवं हिन्दी- अंग्रेजी माध्यम में: इंग्लिश, मैथ्स, साइंस, एसएसटी पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर की आवश्यकता। साक्षात्कार 24.09.2025 प्रातः 9:30बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.(RO-6996)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, माल छोड़ने के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है संपर्क करे:- बोरियाखुर्द रायपुर मो. न. 9893115061.(RO-284)

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सिक्योरिटी सुपरवाइजर, सिक्योरिटी हेड गार्ड, सिक्योरिटी गार्ड, की आवश्यकता है। स्थान- तेलीबांधा, मोतीबाग, सरोना, टाटीबंध, चंदनडीह। न्यूनतम योग्यता- 10वीं पास। ड्यूटी समय -12 घंटे। वेतन- 10000/- से 15000/- संपर्क- 9981144486। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें।(RO-6713)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु पुरुष, महिला एवं टैली अकाउंटेंट (फीमेल) संपर्क करें राजेश होजरी, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नं.1 एक पंडरी रायपुर- 9407923601, 6266622743. (RO-501)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### कम्प्यूटर ऑपरेटर

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल (सीएंडएफ) में आवश्यकता है बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर, संपर्कः मणिधारी ट्रेडर्स ,औषधि वाटिका, मेडिकल कॉम्प्लेक्स डूमरतराई रायपुर. 9669164000, 9165929000. (RO-441)

आवश्यकता है- सी एंड एफ में कार्य करने हेतु कंप्यूटर (SAP) ऑपरेटर की आवश्यकता है। सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास,भनपुरी, रायपुर। संपर्क - 6266694683 (मिलने का समय - 10 से 6) (RO-12)

### ऑफिस/हेल्पर कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस एवं हेल्पर कार्य हेतु आठवीं /दसवीं जरूरतमंद लड़के लड़कियां ही संपर्क करें (ग्रामीण जरूरतमंद को प्राथमिकता) संपर्क (9 से 11) अक्षर प्रिंटर्स, गोल बाजार रायपुर (अलका रेस्टोरेंट के बाजू गली में) 9826679757. (केवल व्हाट्सएप) (RO-0053)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइलः- 9329103178.(RO-281)

### इलेक्ट्रीकल/ड्रायवर

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल एवं ड्राइवर -2 पद की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार सुपेला भिलाई संपर्क करें। मो.- 98278-06026,81092-90503.(आरो नं.-4101)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 7,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें - 9343467254, 7470490884.(RO-6717)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वीं 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090.(RO-416)

### सेल्समैन/हेल्पर

आवश्यकता है- थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व कपड़े की दुकान में काम किया हुआ व्यक्ति एवं हेल्पर की आवश्यकता है समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9425206658.(RO-7259)

### पेज मेकर/डिजाइनर

आवश्यकता है- WE ARE HIRING JOIN OUR TEAM श्रीकंचनपथ समाचार पत्र समूह में कार्य करने के लिए पेज मेकर और डिजाइनर की आवश्यकता है। * Quark express ( pagemaker ),* Photoshop, * Corel Draw,* Hindi - English typing, अनुभवी को प्राथमिकता। मो. -98930-92649, 99933-30237.(आरो नं.-7200)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सेल्स/हेल्पर

आवश्यकता है- सेल्स/हेल्पर की भर्ती – The Cheese Cubicle (एम.जी. रोड, फूड स्टॉल) व S.G. Fashion (पंडरी, वस्त्रालय) हेतु युवक-युवतियाँ चाहिए। योग्यता कोई भी चलेगी, अनुभव जरूरी नहीं। संपर्कः 8602607134. (RO-A)

### पैकिंग/सेल्समैन कार्य

आवश्यकता है- डेयरी कैलेंडर्स माल जमाने एवं पैक करने लड़के एवं लड़कियाँ तथा काउंटर एवं सिटी में ऑर्डर बुक करने सेल्सगर्ल, सेल्समेन चाहिए. डेयरी हाउस अन्नपूर्णा कम्प्लेक्स रहमानिया चौक के पास बंजारी रोड रायपुर 9329100996, 0771-4036213. (RO-A)

### असिस्टेंट अकाउंटेंट

आवश्यकता है- चायपत्ती के फैक्ट्री में असिस्टेंट अकाउंटेंट की आवश्यकता है संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मोबाइल नंबर- 074699- 80000, 0771- 4075490. (RO-A)

### सुपरवाइजर/मैनेजर

आवश्यकता है- हेवी मीडिया कोल वाशरी में (1) अनुभवी ड्राइवर ट्रिप टेलर BS6 5540/ 4625 हेतु 40 पद, (2) अनलोडिंग सुपरवाइजर 3 पद (3) डिस्पैच सुपरवाइजर 3 पद (4) ट्रांसपोर्ट मैनेजर, इंचार्ज, सुपरवाइजर 3 पद (5) रेक लोडिंग सुपरवाइजर/ इंचार्ज 2 पद (6) बेल्ट प्रेस ऑपरेटर 2 पद (7) वाशरी ऑपरेटर 2 पद (8) फिटर एंड वेल्डर 2 पद की आवश्यकता है सम्पर्क- 9340061365, 8815104587 पता- CP&CBL बिलासपुर छत्तीसगढ़ (RO-38729)

हरिभूमि

### अन्य

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 950 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (23500-47500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (अनिल कुमार)- 9208433816. (RO-1164)

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

बेचना है- कोटा रोड, रायपुर, दिशा कॉलेज के पास , रेलवे स्टेशन से मात्र 1km व एम्स से मात्र 2km की दूरी पर नवनिर्मित सोसाइटी में 2BHK-3BHK फ्लैट्स बेचना है। सम्पर्क :- 9238925953.(RO-13)

### वाहन

बेचना है- डॉक्टर की अप्रैल 2016 टियागो पेट्रोल टॉप मॉडल 132000 किलोमीटर चली हुई टॉप कंडीशन गाड़ी 310000 रुपए में बेचना है थोड़ा बहुत नेगोशिएबल संपर्क 7587338235. (RO-6714)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस - जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, संपर्क– 9289384524. (RO-285)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152






## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

### इसे जरूर पढ़िये और समझिये

● इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाइलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसे: शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमों से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्युनो थैरिपी पर आधारित केवल रस -रसायन में ही हैं।

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एस. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा साइंटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

# मोदी सरकार ने पाट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है



**मोदी सरकार 6 पाट उत्पादक राज्यों में 110 क्रय केन्द्रों और जेसीआई के 14 क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से किसानों को एमएसपी सहायता देती है।**

## एमएसपी दर - वर्ष 2025-26

2025-2026 फसल मौसम के लिए पूरे भारत में कच्चे पाट मेस्टा और बिमली की विभिन्न किस्मों और ग्रेडों के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य इस प्रकार हैं:

| पूरे भारत में | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वेरायटी | ग्रेड ⇨ | टीडी-1/डब्ल्यू1 | टीडी-2/डब्ल्यू2 | टीडी-3/डब्ल्यू3 | टीडी-4/डब्ल्यू 4 | टीडी-5/डब्ल्यू 5 | |
| तोसा/व्हाईट | ₹ / क्विंटल | 6350 | 6150 | 5650 | 5125 | 4875 | |
| | | | | | | | |
| वेरायटी | ग्रेड ⇨ | एम1/ ओ.टॉप | एम2/ एस.मिड | एम3/ मिड | एम4/ बॉट | एम5/ बी.बॉट | एम6/ एक्स-बॉट |
| मेस्ता / बिमली | ₹ / क्विंटल | 4135 | 3985 | 3860 | 3760 | 3660 | 3560 |

*"हमारी सरकार ने पाट उत्पादक किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। वर्ष 2025-26 के लिए कच्चे पाट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी गई है। इससे देश के कई राज्यों में इस क्षेत्र से जुड़े लाखों किसानों को लाभ होगा।"*
*— श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री*

## मोदी सरकार पाट किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

- 10 वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य में 135% की वृद्धि। वित्तीय वर्ष 2014-15 में ₹2400 प्रति क्विंटल की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹5650 प्रति क्विंटल की वृद्धि।
- नए राज्यों - नागालैंड, मेघालय, झारखंड में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू किया गया।
- किसानों को 3 कार्यदिवसों के भीतर भुगतान का वितरण।

**मोदी सरकार 11 वर्षों से पाट कृषि विकास परियोजना जूट आई-केयर चला रही है।**

- सब्सिडी वाले (50%) उच्च उपज वाले प्रमाणित बीजों का वितरण
- किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों का नि:शुल्क वितरण
- रेटिंग एक्सेलरेटर का नि:शुल्क वितरण
- नि:शुल्क प्रदर्शन और जागरूकता कार्यक्रम
- 2015 से 5.6 लाख किसानों को लाभ और 2.15 लाख हेक्टेयर भूमि को किया जा रहा है कवर





**मोदी सरकार ने पाट मित्रो ऐप लॉन्च किया है जो आपको ये सुविधाएँ प्रदान करेगा:**

- एमएसपी दरें और खरीद केंद्रों की जानकारी।
- कृषि संबंधी सलाह।
- मौसम संबंधी अपडेट।
- पाट के गुणवत्ता मानदंड।
- खरीद के बाद भुगतान की स्थिति।

**पिछले दो दशकों के बीच भारत सरकार की एमएसपी खरीद की तुलना**
(2005-2014 : 2015-2024)

| 2005-2014 | | 2015-2024 | |
|---|---|---|---|
| मात्रा (लगभग लाख गांठों में) | मूल्य (करोड़ रुपये में) | मात्रा (लगभग लाख गांठों में) | मूल्य (करोड़ रुपये में) |
| 15 | 380 | 18 | 1345 |

দ্য জুট কর্পোরেশন অফ ইন্ডিয়া লিমিটেড
বস্ত্র মন্ত্রালয়ের অন্তর্গত ভারত সরকারের একটি সংস্থা
भारतीय पटसन निगम लिमिटेड
वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार की एक संस्था
The Jute Corporation of India Limited
A Government of India CPSE under Ministry of Textiles

कच्चे पाट में एमएसपी के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी

मुख्यालय: पटसन भवन, तीसरी और चौथी मंजिल, ब्लॉक-सीएफ, एक्शन एरिया - 1, न्यू टाउन, कोलकाता - 700156,
फ़ोन: (033) 2252 1100 / 6720 / 6770 / 7107 / 7109
फैक्स: (033) 2252 1771. ईमेल: jci@jcimail.in www.jutecorp.in

CBC 41122/15/0018/2526

### रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी की ताजा रिपोर्ट

# जीएसटी दरों में कटौती से सरकार पर नहीं पड़ेगा खास राजकोषीय बोझ : क्रिसिल

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने शुक्रवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हाल ही में किए गए बदलाव से सरकार पर कोई खास राजकोषीय बोझ नहीं पड़ेगा।

रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने दर कटौती की वजह से अल्पावधि में सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपये के शुद्ध नुकसान का अनुमान लगाया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रुपये रहा था। रिपोर्ट कहती है कि कुल जीएसटी संग्रह के अनुपात में यह राजस्व नुकसान बहुत अधिक नहीं है।

## सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी

जीएसटी परिषद ने हाल ही में कर दरों को तर्कसंगत बनाते हुए पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब में रखने का फैसला किया है। यह संशोधन 22 सितंबर से प्रभावी होने वाला है जिससे कई उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी।

## कर वसूली में मजबूती मिलेगी

क्रिसिल ने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने से अधिक वस्तुएं और सेवाएं औपचारिक कर दायरे में आ सकेंगी, जिससे मध्यम अवधि में कर वसूली में मजबूती मिलेगी। पहले 70-75 प्रतिशत जीएसटी राजस्व 18 प्रतिशत स्लैब से आता था, जबकि 12 प्रतिशत स्लैब से केवल पांच-छह प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब से 13-15 प्रतिशत राजस्व मिलता था।




- सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपए के शुद्ध नुकसान का अनुमान
- वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रहा

**स्लैब घटाने से राजस्व को नुकसान नहीं :** रिपोर्ट के मुताबिक, 12 प्रतिशत स्लैब में शामिल वस्तुओं पर कर घटाने से राजस्व को कोई खास नुकसान नहीं होगा। वहीं, मोबाइल शुल्क जैसी तेजी से बढ़ती सेवाओं पर दरें पहले की ही तरह हैं। वहीं, ई-कॉमर्स डिलीवरी जैसी नई सेवाओं को जीएसटी दायरे में शामिल कर 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया गया है।

## उपभोक्ताओं की वास्तविक आय बढ़ेगी

*क्रिसिल ने कहा कि कर में कटौती से उपभोक्ताओं की वास्तविक आय बढ़ेगी, जिससे मांग और जीएसटी संग्रह दोनों को प्रोत्साहन मिल सकता है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उत्पादक कर में बदलाव का लाभ उपभोक्ताओं को किस हद तक पहुंचाते हैं।*

## जीएसटी में कटौती से कम होगा कर बोझ : फिक्की

*सरकार के 'जीएसटी 2.0' की घोषणा से परिवारों पर कर का बोझ कम होगा, छोटे और मझोले उद्यम (एमएसएमई) मजबूत होंगे और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को गति मिलेगी। उद्योग निकाय फिक्की ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि इन सुधारों के साथ भारत एकल कर व्यवस्था के और करीब आएगा।*

## पांच फीसदी कर वाली वस्तुओं की हिस्सेदारी तिगुनी होगी

*फिक्की की तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के विरुद्ध काम करने वाली समिति (कैस्केड) ने एक रिपोर्ट में कहा कि जीएसटी में इस बदलाव से पांच प्रतिशत कर वाली वस्तुओं की हिस्सेदारी लगभग तिगुनी हो जाएगी। इस स्लैब वाली श्रेणियों की संख्या 'जीएसटी 2.0' में 54 से बढ़कर 149 हो जाएगी। इसमें कहा गया कि ग्रामीण परिवारों के लिए जिन उत्पादों को छूट प्राप्त है, उनकी हिस्सेदारी 56.3 प्रतिशत से बढ़कर 73.5 प्रतिशत होने की उम्मीद है।*

## शहरी परिवारों की हिस्सेदारी बढ़ेगी

*शहरी परिवारों के लिए यह हिस्सेदारी 50.5 प्रतिशत से बढ़कर 66.2 प्रतिशत होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया कि इसके चलते ग्रामीण परिवारों के लिए प्रभावी जीएसटी दर 6.03 प्रतिशत से घटकर 4.27 प्रतिशत हो गई है। शहरी परिवारों के लिए यह 6.38 प्रतिशत से घटकर 4.38 प्रतिशत हो गई है।*

# अमेरिका के बाद अब भारत में भी सस्ता होगा लोन? ब्याज दर में कटौती संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अपनी ब्याज दरों में एक बार फिर कटौती कर दी है। फेड के ब्याज दरें घटाने के बाद अब भारत के लोगों की उम्मीदें भी कर्ज और सस्ता होने को लेकर बढ़ गई हैं।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई में अगले महीने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक होने वाली है, जिसमें रेपो रेट में कटौती को लेकर फैसला किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो कर्ज की ब्याज दरें और नीचे आ जाएंगी। संजय मल्होत्रा ने जब से आरबीआई गवर्नर की कमान संभाली है, रेपो रेट में तीन बार कटौती की जा चुकी है। रिजर्व बैंक ने तीन बार रेपो रेट में कटौती करके ब्याज दर को 1 फीसदी सस्ता कर दिया है। अब चौथी बार कटौती की उम्मीद भी जाग चुकी है। फेड रिजर्व के ब्याज दर घटाने के बाद भारत सहित तमाम देशों के शेयर बाजारों में तेजी लौट आई है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/643/ लो.नि.वि./ न.पा./ 2025-26 — तिल्दा- नेवरा, दिनांक 18.09.2025

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों व संबंधित संस्था / फर्म से फॉर्म B मे आयटम दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 100 एच.पी. वी.टी. मोटर पंप आपूर्ति एवं स्थापना कार्य इंटेकवेल में । (सिस्टम टेंडर नं. 176109) | 40.00 | 120000.00 | अंतिम तिथि 21.10.2025<br>फिजिकल जमा तिथि 27.10.2025<br>बिड खोले जाने की तिथि 29.10.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा


# एप्पल के आईफोन 17 के लिए सुबह से ही कतारों में लगे ग्राहक



- आईफोन के नए मॉडल की शुक्रवार से बिक्री शुरू हुई
- खरीदारों में खासा उत्साह देखा जा रहा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल के लोकप्रिय उत्पाद आईफोन के नए मॉडल की बिक्री शुक्रवार से शुरू हो गई। इसे लेकर खरीदारों में खासा उत्साह देखा गया और एप्पल के अधिकृत स्टोर पर तड़के से ही लोग कतार में लग गए थे।

हाल ही में पेश किए गए आईफोन 17 मॉडल की बिक्री मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित देश के पहले एप्पल स्टोर पर शुरू हुई। तड़के से ही उत्साहित ग्राहकों की लंबी कतारें लग गई थीं। भीड़ इस कदर हो गई कि स्टोर खुलने से पहले मामूली झगड़े की भी नौबत आ गई। मुंबई पुलिस ने कहा कि सुबह करीब छह बजे कतार में घुसने को लेकर दो ग्राहकों के बीच कहासुनी बढ़कर हाथापाई में बदल गई। मौके पर मौजूद निजी एवं सरकारी सुरक्षा कर्मियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाला। पुलिस ने भी हल्का बल प्रयोग कर गड़बड़ी फैलाने वालों को बाहर निकाला। एप्पल के 83,000 रुपये से शुरू होने वाले नए फोन को खरीदने के लिए सुबह से ही स्टोर पर करीब 300 लोग दो कतारों में लग गए थे। हालांकि सुबह आठ बजे स्टोर खुलने के साथ ही माहौल सामान्य हो गया और ग्राहक सुचारु तरीके से अपनी पसंद का मॉडल खरीदने लगे।

## आईफोन 17 की भारत में कीमत 83,000 रुपए से शुरू

इस महीने की शुरुआत में अमेरिका में पहली बार पेश किए गए आईफोन 17 मॉडल की कीमतें भारत में करीब 83,000 रुपये से शुरू होती हैं और उन्नत मॉडल के हिसाब से महंगी होती जाती हैं। स्टोर पर पेश होने से पहले एप्पल ने खास मार्केटिंग डिस्प्ले लगाया था। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी टिम कुक ने भी सोशल मीडिया पर मुंबई स्टोर की तस्वीर साझा की थी।

# सोने में 800 और चांदी में 500 रुपए की रही मजबूती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते सोने में तेजी आई।

चांदी की कीमत भी 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 700 रुपये बढ़कर 1,13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में सोने में सकारात्मक रुख रहा और कीमती धातुओं में तेजी रही।



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

जॉइंट्स पेन के लिए रामबाण तेल
Since-2000
S.M. OIL®
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
हर प्रकार के वात रोग, गठिया वात, लकवा, हाथ पांव, कमर, पीठ, जोड़ों का दर्द, जोड़ों का अकड़ना, सूजन, मोच, हड्डी फ्रैक्चर आदि में परम गुणकारी
Customer Care No. 9425296176

हरिभूमि THE DIAGNOSTIC CARE
छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस — मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282


# शेयर बाजार में तीन दिनों की तेजी पर लगा ब्रेक

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 387 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में
- एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक में हुई मुनाफावसूली

प्रमुख कंपनियों एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण स्थानीय शेयर बाजार में तीन दिनों से चली आ रही तेजी शुक्रवार को थम गई। सेंसेक्स 387 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 96 अंक की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 387.73 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,626.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 528.04 अंक गिरकर 82,485.92 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 96.55 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 25,327.05 अंक पर आ गया। एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक में सबसे अधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, एसबीआई, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे। दरअसल उद्योगपति गौतम अदाणी और उनकी अगुवाई वाले अदाणी समूह को बाजार नियामक सेबी द्वारा शेयर हेराफेरी के आरोपों में क्लीन चिट दिए जाने के बाद समूह की सभी कंपनियों में उछाल दर्ज की गई।

## अदाणी के शेयरों में रही तेजी

समूह की कंपनी अदाणी पावर में 12.40 प्रतिशत की तेजी रही जबकि अदाणी टोटल गैस में 7.53 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 5.33 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज में 5.04 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 4.70 प्रतिशत की बढ़त देखी गई।

## बाजार में मुनाफावसूली हावी रही

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"भारतीय शेयर बाजार में कई सत्रों से जारी तेजी के बाद मुनाफावसूली हावी रही। अमेकिका-भारत व्यापार वार्ता में सकारात्मक प्रगति और वैश्विक तरलता में सुधार से निवेशक धारणा को समर्थन मिला।/"


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल — डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA — भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल — 81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

सभी प्रकार की एलर्जी — डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital, Chest & Allergy Centre — वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com — त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी — MD (Physician, Gold Medalist, IUK), MD (Pathology, Utkal University)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी — MBBS, MS (OBG), F.M.A.S, FRM (Gujarat University), DRM (Germany) — स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
उपलब्ध विशेषताएं: • पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • यौन रोग • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सिस्ट, सोनोग्राफी, • बांझपन का संपूर्ण इलाज • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care — डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट — रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर — समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध — OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल — 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध — ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन — डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. मनोज अग्रवाला — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

## जैकेट के शेष

### जेन-जेड में राहुल .....

कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू ने तो देश के दो हिस्से बांटे थे, लेकिन राहुल गांधी देश को 10 हिस्सों में बांटना चाहते हैं।

### राहुल ने जेन जेड से ...

बुधवार को राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि देश के युवा, देश के स्टूडेंट्स, देश के जेन जेड संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। जय हिंद! उन्होंने भरोसा जताया है कि देश का जेन जेड ना सिर्फ इस मुद्दे को उठाएगा बल्कि वही अब देश के संविधान की भी रक्षा करेगा।

**जेन जेड परिवारवाद के खिलाफ : निशिकांत दुबे** : भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर ही राहुल पर निशाना साधते हुए लिखा कि जेन जेड परिवार वाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि वह नेहरू जी, इंदिरा जी, राजीव जी, सोनिया जी के बाद राहुल जी को क्यों बर्दाश्त करेगा? वह भ्रष्टाचार के खिलाफ है, आपको क्यों नहीं भगाएगा? वह बांग्लादेश में इस्लामिक राष्ट्र और नेपाल में हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता है, वह भारत को हिंदू राष्ट्र क्यों नहीं बनाएगा? देश छोड़ने की तैयारी आप कर लीजिए — आ रहे हैं।

**आप ने भी राहुल के बयानों का किया समर्थन** : आप दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भी राहुल गांधी के बयान का समर्थन किया। उन्होंने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले यह मुद्दा सबूतों के साथ उठाया था, लेकिन चुनाव आयोग ने मामले की जांच नहीं की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बड़ी पार्टी है, इसलिए इस वोट चोरी के मुद्दे से पूरा देश वाकिफ हो जाएगा। उन्होंने आज भी प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है, जिसमें चुनाव आयोग पर निशाना साधा जाएगा।

### हरिभूमि-आईएनएच का ....

विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास विभाग करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अनुज शर्मा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान रियल एस्टेट से जुड़े लोग भी हिस्सा लेंगे।

**शिक्षा, हेल्थ के बाद सृजन** : सृजन संवाद में छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट, प्रदेश की आधारभूत संरचना पर संवाद होगा। छत्तीसगढ़ के विकास में रियल एस्टेट की वर्तमान भूमिका और भविष्य पर मंथन किया जाएगा। कॉन्क्लेव न केवल संवाद का मंच बनेगा बल्कि छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि-आईएनएच द्वारा इससे पूर्व शिक्षा और स्वास्थ्य के विषय को लेकर सफल एवं उपयोगी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ और उस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया था।

### ईओडब्लू की रिमांड ....

में अहम रोल निभाने का आरोप है। घोटाले से उन्हें हर महीने 50 लाख मिलते थे। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है कि सेवानिवृत्त आईएएस निरंजन दास, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के तत्कालीन विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर और अन्य ने मिलकर शराब घोटाला करने सिंडिकेट खड़ा किया था। आरोपों के मुताबिक, सिंडिकेट ने सरकारी शराब दुकानों में कमीशन तय करने, डिस्टलरियों से अतिरिक्त शराब बनवाने, विदेशी ब्रांड की अवैध सप्लाई कराने और डुप्लीकेट होलोग्राम के जरिए शराब बेचने जैसी गतिविधियों से इस सिंडिकेट ने राज्य सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया।

**दो साल संविदा पर रहे आयुक्त** : आबकारी आयुक्त निरंजन दास फरवरी 2023 में सेवानिवृत्त हो गए थे। सिंडिकेट से जुड़े प्रभावशाली लोगों की अनुशंसा पर निरंजन दास को संविदा में आबकारी आयुक्त बनाया गया। निरंजन दास की कई बार अग्रिम जमानत याचिकाएं पूर्व में खारिज हो चुकी हैं। कानूनी दांव-पेंच का सहारा लेते हुए निरंजन दास को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत मिल गई थी। निरंजन दास से पूछताछ में घोटाले से जुड़े कई और अन्य खुलासे हो सकते हैं।

### टेंडर दिलाने में ....

की आबकारी नीति बदलवाने की भी साजिश रची। जनवरी 2022 में ढेबर और त्रिपाठी के साथ झारखंड के अधिकारियों के साथ बैठक कर छत्तीसगढ़ मॉडल लागू कराया।

### सीबीआई ने सीजीपीएससी ....

नियंत्रक, सचिव के अलावा जीवन किशोर ध्रुव के बेटा डिप्टी कलेक्टर सुमित ध्रुव, टामन सोनवानी के भाई की पुत्रवधू डिप्टी कलेक्टर चयनित मिशा कोसले, जिला आबकारी अधिकारी दीपा आदील शामिल है।

### यह है पूरा मामला ....

सीबीआई ने तत्कालीन अध्यक्ष, तत्कालीन डिप्टी कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन, चार चयनित उम्मीदवारों और एक निजी व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। सभी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### जीएसटी सलाहकार से ....

का नुकसान हुआ है। टैक्स चोरी करने फर्जी फर्म बनाने के साथ बोगस ई-वे बिल जनरेट करने का मास्टर माइंड मोहम्मद फरहान सरोठिया है। जीएसटी अफसरों ने बयान जारी कर बताया है कि फहान की गतिविधियों पर स्टेट जीएसटी की बीआईयू टीम एक माह से नजर रख रही थी। छापे की भनक लगते ही फरहान फरार हो गया। जीएसटी के अफसरों ने फरहान के कर्मचारियों से पूछताछ के आधार पर कई संदिग्ध दस्तावेज जब्त की है। छापे की कार्रवाई 12 सितंबर से लेकर 17 सितंबर तक जारी रहा।

**कारोबारियों के लिए बनाता था बोगस फर्म** : जीएसटी अफसरों के अनुसार फरहान कारोबारियों के लिए बोगस फर्म बनाने का काम करता था। साथ ही कारोबारियों के कहने पर उनके लिए फर्जी ई- वे बिल बनाने का काम करता था। इन कामों के लिए फरहान कारोबारियों से मोटी रकम वसूलता था। फरहान इतना चालबाज था कि जो कोई उसके पास आईटी रिटर्न दाखिल करवाने जाता था, वह उनके दस्तावेज की कॉपी से फर्जी फर्म बना लेता था। फरहान से बोगस ई-वे बिल तथा फर्जी फर्म बनाने वाले ब्रोकर, स्क्रैप डीलर और इनपुट टैक्स क्रेडिट के लाभ लेने वाली कम्पनियां जीएसटी के निशान पर हैं।

### आयकर विभाग भी ....

तलाशी करने पहुंचे। अफसर घर से कैश तथा गोल्ड जब्ती करने के बाद इसकी जानकारी आयकर विभाग को दी। कैश तथा गोल्ड जब्ती की जांच अब आयकर विभाग के अफसर करेंगे।

### पांच कर्मियों के ....


लिये रखा था। इसके अलावा मास्टर माइंड के आफिस से बोगस पंजीयन के लिये किराया नामा, सहमति पत्र, एफिडेविट तैयार करने के भी साक्ष्य मिले हैं।

### 26 बोगस फर्मों से ....

है। यहां से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार फरहान ने राज्य तथा राज्य के बाहर पंजाब, असम, मणिपुर, ओडिशा में भी जीएसटी पंजीयन लिया है। पंजीयन के लिए बोगस दस्तावेज जैसे किराया नामा एवं सहमति पत्र भी तैयार किये जाते थे। इन फर्मों के माध्यम से बोगस सप्लाई बिल और ई-वे बिल जारी किए जा रहे थे।

# 'हमने आतंकियों को ऐसा सबक सिखाया जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी'

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1965 के युद्ध के दिग्गजों से बातचीत में कहा**



**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** देश की सुरक्षा केवल सीमा पर लड़े गए युद्ध से तय नहीं होती, बल्कि यह पूरे देश के लोगों के संकल्प और एकजुटता से तय होती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1965 के युद्ध के दिग्गजों से बातचीत में यह बात कही। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के जांबाजों के साथ बातचीत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हम पहलगाम की भयावह घटनाओं को नहीं भूले हैं और जब भी हम उन्हें याद करते हैं, हमारा दिल भारी हो जाता है और मन क्रोध से भर जाता है। वहां जो हुआ उसने हम सभी को झकझोर दिया। लेकिन वह घटना हमारे मनोबल को नहीं तोड़ पाई। सिंह ने कहा, 'हमारे प्रधानमंत्री ने आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाने का संकल्प लिया जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

**Name Change**

I, hitherto known as YASH KUMAR POGADE alias YASH KUMAR S/o DEVENDRA POGADE, R/o 189, Sector-3, Shivanand Nagar, Khamtarai-2, (Khamtrarai) Po: Khamtrarai, Dist.: Raipur, Chattisgarh-492008, have changed my name and shall hereafter be known as
YASH KUMAR POGADE

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विद्युत कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा संख्या क्र.: सीनियर डी.ई.ई. (आर.एस. & जी.) बी.एस.पी./ओ.टी.पी./25-26-21, दिनांक 12.09.2025. कार्य का नामः बीएसपी डिवीजन (चरण–2) के रेलवे क्वार्टरो के लिए स्मार्ट ऊर्जा मीटर प्रदान करना। निविदा मूल्य (लगभग): ₹ 7,20,31,789/-. अमानत राशिः ₹ 5,10,200/-. निविदा बंद होने की तिथि व समयः 13.10.2025, 15:00 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण, निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, उससे देख सकते है।

वरि. मंडल विद्युत इंजी.(आर.एस.एवं सामान्य)/बिलासपुर
सीपीआर/10/320
South East Central Railway @secrail

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ST-SBP-TENDER-2025-29, दिनांक : 11.09.2025

**कार्य का नाम :** नवीनतम RDSO दिशानिर्देश / विनिर्देश के अनुसार EI एवं अन्य रख-रखाव मुक्त अर्थ का उन्नयन (UPGRADATION) / पुनर्स्थापन (RESTORATION)।
**निविदा मूल्य :** ₹ 1,46,80,382.50, बिड सिक्युरिटी : ₹ 2,23,400/-
**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 07.10.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता (सिग्नल), सम्बलपुर
PR-612/Q/25-26

**BEFORE THE VI ADDL. DISTRICT JUDGE & M.A.C.T. AT D.K. MANGALORE**

Between: M.V.C. No.: 576/2020
Mr. Jeevan ... Petitioner
AND
Mr. Ramaling Ankush AGE and another ... Respondents
To
MR. RAMALING ANKUSH AGE
S/o. Ankush AGE, Adult, R/at: B-26, Ananda Nagara, Raipur, Chhattisgarh -492001. ...Opponent

**NOTICE**

Please take notice that petitioner's has filed the above case against you claiming compensation for the Injuries sustained by him in a motor vehicle accident. The above case now stands posted to **27.10.2025 at 11.00 a.m.** for your appearance. You may appear before this Hon'ble Court either in person or by a duly authorized pleader on above said date & time failing which case will be heard & determined exparte.

Given under my hand and seal of the court on this **4th day of Sept. 2025 at Mangalore.** By order of Court
Sd/-, Chief Administrative Officer, District Court, D.K., Mangalore.
Mangalore 01.09.2025 Sd/-, Advocate of Petitioner (A.D. Bhandary)

**विज्ञापन संख्या 02/2025**

**भारत सरकार**
**इस्पात मंत्रालय**

एनएमडीसी लिमिटेड में निदेशक (वित्त) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27.10.2025 को 1700 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://steel.gov.in/ advertisements पर लॉगइन करें।
CBC 40101/11/0010/25-26

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् सरायपाली, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)**
Email ID- cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./494/न.पा.प./ लो.नि.वि./2025-26 सरायपाली, दिनांक 19/09/2025

**// प्रथम ई- निविदा आमंत्रण सूचना //**

निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य विवरण | अनु.लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | समय सीमा | सक्षम श्रेणी | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 174062 | वार्ड क्र. 03 पशु चिकित्सालय के पास व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य। | 41.78 | 31400/- (Offline Deposit) (EMD In FAVOUR OF CHIEF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL SARAIPALI F.D.R. / T.D.R. And Tender Fee of Rs. 1500/- Demand Draft) | 06 माह | "द" एवं उच्चतम श्रेणी | 13.10.2025 |
| 2 | 174064 | वार्ड क्र. 08 टाउनहॉल के पास व्यावसायिक परिसर में प्रथम तल निर्माण कार्य। | 13.51 | 10200/- (Offline Deposit) (EMD In FAVOUR OF CHIEF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL SARAIPALI F.D.R. / T.D.R. And Tender Fee of Rs. 750/- Demand Draft) | 04 माह | "द" एवं उच्चतम श्रेणी | 13.10.2025 |
| 3 | 176134 | वार्ड क्र. 12 बस स्टैण्ड के पास प्रथम तल में व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य। | 25.15 | 18900/- (Offline Deposit) (EMD In FAVOUR OF CHIEF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL SARAIPALI F.D.R. / T.D.R. And Tender Fee of Rs. 1500/- Demand Draft) | 04 माह | "द" एवं उच्चतम श्रेणी | 13.10.2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।
टीप:- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 16.10.2025 समय सायं 17:30 बजे तक प्राप्त की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् सरायपाली

## पेज एक के शेष

### काम पर लौटे ....

इंश्योरेंस की राशि को 10 लाख किया गया है। उन्होंने बताया कि संविदा कर्मचारियों के वेतन में 22 प्रतिशत की वृद्धि पहले ही की जा चुकी और 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की प्रकिया जारी है जो हर वर्ष की जाती है।

### बर्खास्तगी के अल्टीमेटम ....

की हड़ताल पर उच्चस्तरीय चर्चा हुई और समाधान पर फैसला हुआ है। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों से हड़ताल अवधि के दौरान स्वंय मैने, एमडी एनएचएम और स्वास्थ्य सचिव ने का प्रयास किया था मगर कर्मचारियों ने उनकी बात नहीं मानी। जबकि विभाग ने उनकी आवश्यकताओं को देखते हुए उनकी कई मांगों हड़ताल के पहले ही पूरी कर चुकी है और बाकी पर आवश्यकता के अनुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले एक माह से स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित होने की वजह आम जनता के बीच विभाग की गलत छवि बन रही है जिसे देखते हुए इस तरह का फैसला लिया गया है।

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को शाम पांच बजे तक जो कर्मचारी काम पर लौटते हैं उन्हें छोड़कर शेष को बर्खास्त किया जाएगा। इसके बाद विभाग सोमवार से रिक्त पदों पर नयी भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू करेगा। इसी अल्टीमेटम ने असर दिखाया और एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी। एनएचएम के संविदा कर्मचारी संघ के प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि शुक्रवार की रात स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात के बाद अपनी हड़ताल स्थगित कर दी है।

### सीएम ने फैसले ....

जनता का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार ने सदैव इस दिशा में ठोस पहल की है। श्री साय ने कर्मचारियों के इस फैसले को सराहनीय बताया।

### छह मंत्रियों को ....

प्रभार संबंधी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया था। अब इसमें एक और संशोधन किया गया है।

### एक परिवार के ....

नगर की है। यहां निवासरत चंद्रमणि भारद्वाज अपनी पत्नी रजनी भारद्वाज 40 वर्ष और 10 वर्षीय पुत्र प्रिंस के साथ निवास करता था। बताया जाता है कि गुरुवार को तीनों घर के भीतर सो रहे थे। इस दौरान देर रात लगभग 3 बजे चंद्रमणि भारद्वाज उसके पुत्र प्रिंस और उसकी पत्नी रजनी को किसी जहरीले जहरीले सर्प ने डस लिया। जब उनकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन नींद से जागे और आनन-फानन में उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद तीनों को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए गोपालपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया जहां उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए तीनों को मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह तीनों को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत चूड़ामणि भारद्वाज और उसके 10 वर्षीय पुत्र प्रिंस भारद्वाज को मृत घोषित कर दिया गया जबकि उसकी पत्नी रजनी बाई भारद्वाज की हालत नाजुक बनी हुई है। जहां उसका उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरविन्द चिचखेड़े** पुत्र स्व. पूरन सिंह प्रोप. मेसर्स अरविंद कृषि विकास केंद्र, निवासी 249, छताईशीट अहिवारा वार्ड 7, धमधा दुर्ग, छत्तीसगढ़ 490036 दूसरा पताः बाजार चौक, ब्लॉक–धमधा मेडेसरा, दुर्ग, छत्तीसगढ़–491001 ने सी.सी. संख्या 14954 / 18 धारा 138 एन.आई अधिनियम, थाना दरियागंज, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरविन्द चिचखेड़े** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अरविन्द चिचखेड़े** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.सी. संख्या 14954 / 18 धारा 138 एन.आई अधिनियम, थाना दरियागंज, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अरविन्द चिचखेड़े** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.12.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री आरुषि परवाल,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (एन.आई. एक्ट)
कमरा नं. 02, एनेक्सी–01,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12516/CD/2025

फाइल. सं. ए-12039/01/2024-स्था. III

**भारत सरकार**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग**

**विज्ञापन सं. डीएसटी/04/2025-स्था. III**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय मिशन अंतरविषयक साइबर भौतिक प्रणाली, समूह 'क' राजपत्रित अननुसचिवीय, [वेतन मैट्रिक्स (1,44,200 रुपये 2,18,200 रुपये)] में स्तर-14 के एक पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों को पहले इस विभाग के पोर्टल https://recruitment.dst.gov.in/ पर एक वैध ईमेल आईडी का उपयोग करते हुए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए यह ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेन्ट न्यूज / रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके बाद, सफलतापूर्वक प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित, पिछले पांच वर्षों के एसीआर / एपीएआर की सत्यापित प्रतियों के साथ, प्रत्येक पृष्ठ पर भारत सरकार के अवर सचिव या समकक्ष स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित, और इन पांच वर्षों में प्राप्त एसीआर/एपीएआर ग्रेडिंग की सारांश शीट, अनिवार्य रूप से उचित चैनल के माध्यम से अग्रेषित की जानी चाहिए ताकि ऑनलाइन पोर्टल बंद होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर (दूरस्थ क्षेत्रों के आवेदकों के लिए 45 दिन) पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा इस विभाग में पहुँच जाए। संगठन/संस्थान (जिनके कर्मचारी अन्यथा आवेदन करने के पात्र हैं) जिनके पास एपीएआर/एसीआर रिकॉर्ड करने की प्रणाली नहीं है, में कार्यरत आवेदकों को अपने संगठनों / संस्थानों के प्रमुख द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले 05 वर्षों के अपने कार्य प्रोफाइल और ग्रेडिंग को आवेदनों के साथ उचित चैनल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा ताकि इस विभाग तक ऑनलाइन पोर्टल बंद होने की अंतिम तिथि से 30 दिनों के भीतर ( दूरदराज के क्षेत्रों के लिए 45 दिन) पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा पहुंच जाए। आवेदन प्रक्रिया और योग्यता, अनुभव, आयु सीमा, आवेदन की अंतिम तिथि, प्रतिनियुक्ति की अवधि और अन्य आवश्यकताओं आदि के विवरण के लिए हमारी वेबसाइट www.dst.gov.in पर देखें। भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र या कोई भी अन्य अद्यतन केवल इस विभाग की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा।

(विनोद कुमार शर्मा)
अवर सचिव, भारत सरकार

CBC-36101/11/0008/2526

**भारतीय मानक ब्यूरो**
**उपभोक्ता मामले विभाग**
**उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार**
**मानक भवन, 9 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002**

**सांकेतिक विज्ञापन संख्या 01/2025/ स्थापना (प्रतिनियुक्ति)**

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत सांविधिक निकाय है और यह देश में मानकीकरण, उत्पाद और पद्धति प्रमाणन, सोने चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण आदि के क्षेत्र में गतिविधियां संचालित करने हेतु उत्तरदायी है। बीआईएस प्रतिनियुक्ति आधार पर केंद्रीय सरकार। राज्य सरकार/ संघ क्षेत्र सरकार / सांविधिक / स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर उपक्रम / प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसियों में कार्यरत योग्य कर्मचारियों को उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित्त), उपनिदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले), उपनिदेशक (प्रकाशन) और उपनिदेशक (हिंदी) के रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

बीआईएस मुख्यालय, नई दिल्ली और देश में स्थित अपने कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति के आधार पर उपनिदेशक (प्रशासन एवं वित) और उपनिदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले), उपनिदेशक (प्रकाशन) और उपनिदेशक (हिंदी) के पदों पर रिक्तियों को भरने के विवरण निम्नांकित है:-

| क्रम सं. | पद का नाम एवं पे मैट्रिक्स में स्तर | रिक्तियों की संख्या | तैनाती का स्थान एवं रिक्तियां |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) लेवल-11 (रु. 67700-208700) | 03 | दिल्ली/एनसीआर (02) चेन्नई (01) |
| 2 | उप निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले) लेवल-11 (रु. 67700-208700) | 06 | बीआईएस मुख्यालय / दिल्ली (02)<br>चेन्नई (01)<br>मुम्बई (01)<br>कोलकता (01)<br>चंडीगढ़ (01) |
| 3 | उप निदेशक (प्रकाशन) लेवल-11 (रु. 67700-208700) | 01 | बीआईएस मुख्यालय, नई दिल्ली (01) |
| 4 | उप निदेशक (हिंदी) लेवल-11 (रु. 67700-208700) | 01 | बीआईएस मुख्यालय, नई दिल्ली (01) |

**आवेदन कैसे करें:**

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इम्प्लॉयमेंट न्यूज रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के जारी होने की तिथि से 45 दिन तक है।
2. बीआईएस वेबसाइट www.bis.gov.in के होम पेज पर ₹कैरियर अपोच्युनिटी टैब पर विस्तृत विज्ञापन देखें।

हस्ता /-
(शोएब अख्तर)
निदेशक (स्थापना

CBC- 08103/12/0008/2526

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

### भीमा कोरेगांव केस : राव को नहीं मिली राहत, याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भीमा कोरेगांव मामले में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत आरोपी कार्यकर्ता और कवि पी वरवर राव पर लगाई गई मेडिकल जमानत की शर्त में बदलाव करने की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। इस शर्त के तहत, अगर उन्हें ग्रेटर मुंबई क्षेत्र छोड़ना है, तो उन्हें ट्रायल कोर्ट से पूर्व अनुमति लेनी होगी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर की दलीलें सुनने के बाद याचिका को खारिज कर दिया गया। ग्रोवर ने दलील दी कि राव चार साल से जमानत पर हैं, लेकिन उनकी सेहत बिगड़ती जा रही है। पहले उनकी पत्नी उनकी देखभाल करती थीं, लेकिन अब वह हैदराबाद चली गई हैं इसलिए उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है।

## शब्द पहेली - 5994



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवर्णेद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

**शब्द पहेली- 5993 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6004

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6003 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

### चाबहार बंदरगाह मामला

# अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभावों की जांच-पड़ताल में जुटा भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



रूस से तेल खरीद पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ का मामला अभी पूरी तरह से सुलझा भी नहीं था कि अब अमेरिका ने मध्य-पूर्व में भारत के रणनीतिक-व्यापारिक हितों पर अप्रत्यक्ष रूप से गंभीर निशाना साधा है। जिसमें उसने ईरान में भारत द्वारा विकसित किए जा रहे चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वाले लोगों पर 29 सितंबर से प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। नई दिल्ली ने शुक्रवार को इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि हमने चाबहार बंदरगाह के मामले पर अमेरिका का प्रेस वक्तव्य देखा है। जिसमें उन्होंने बंदरगाह का संचालन करने वाले लोगों पर फिर से प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। हम वर्तमान में इन प्रतिबंधों के भारत पर पड़ने वाले प्रभावों की जांच-पड़ताल कर रहे हैं। बताते चलें कि अमेरिका ने 2018 में ईरान पर चाबहार से जुड़े हुए प्रतिबंधों से छूट प्रदान की थी। जिससे भारत को इस बंदरगाह का विकास करने का मौका मिला था। अमेरिका की सहयोगी अफगानी सरकार के पतन और तालिबान के उभार को कम करने के लिए उक्त छूट दी गई थी।

### उम्मीद है साझा हितों का ध्यान रखेगा सऊदी अरब

रणधीर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हालिया हुए रक्षा समझौते के मध्य नई दिल्ली को रियाद से ये उम्मीद है कि वो भारत के साथ अपने साझा हितों और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखेगा। उन्होंने ये भी कहा कि भारत की सऊदी अरब के साथ सामरिक साझेदारी है। जो बीते कुछ वर्षों में और अधिक गहरी हुई है। जिसे देखते हुए हम ये उम्मीद करते हैं कि इस भागीदारी के तहत सऊदी अरब भारत के साथ अपने साझा हितों और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखेगा।

### 'प्रियंका गांधी का 'हर बूथ मज़बूत' अभियान हो गया है सक्रिय

# छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश में बूथ-स्तरीय संगठन को मज़बूत करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा शुरू किया गया 'हर बूथ मज़बूत' कार्यक्रम अब छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में सक्रिय हो गया है। इसका उद्देश्य उन विधानसभा क्षेत्रों में प्रशिक्षित बूथ-रक्षक तैयार करना है, जहाँ पिछले विधानसभा चुनावों में जीत-हार का अंतर बेहद कम था। यह पहल पार्टी की चुनावी रणनीति को मजबूती देने के साथ-साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रदेश कमेटियों की चौतरफा जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिला स्तर के नेताओं को मजबूती के साथ उभारा जाएगा ताकि पार्टी की बुनियाद को वैचारिकी के लिहाज से टिकाऊ बनाया जा सके।

### बेहद कम अंतर वाले विस क्षेत्रों में तैयार होंगे बूथ रक्षक



### आयोजित किए जाएंगे प्रशिक्षण शिविर

रणनीतिकारों का मानना है कि इन समीपी हार वाली सीटों पर भी बूथ रक्षक और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की भूमिका निर्णायक हो सकती है। प्रियंका गांधी के नेतृत्व में शुरू किए गए इस अभियान में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की जाँच, मतदान केंद्रों पर निगरानी और चुनावी प्रक्रिया की तकनीकी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षित बूथ रक्षक मतदान प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और किसी भी अनियमितता को रोकने में मदद करेंगे। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस पहल का स्वागत किया है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और तकनीकी संसाधनों की सीमित उपलब्धता कुछ कठिनाइयाँ उत्पन्न कर सकती हैं। कांग्रेस पार्टी इन बाधाओं को दूर करने और बूथ-रक्षकों को सभी आवश्यक संसाधन प्रदान करने के लिए अलग से सेटअप कर रही है।

### छत्तीसगढ़ की इन सीटों पर तैनात होंगे बूथ रक्षक

**कांकेर:** 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार ने कांग्रेस को मात्र 16 वोटों के अंतर से हराया।

**अंबिकापुर:** भाजपा ने कांग्रेस को 94 वोटों के मामूली अंतर से पराजित किया।

**पथलगांव:** भाजपा के विजयी उम्मीदवार ने कांग्रेस को 255 वोटों से पीछे छोड़ा।

**पाली-तानखर:** 714 वोटों के अंतर से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा।

इन क्षेत्रों में पार्टी का मानना है कि बूथ-स्तरीय संगठन और प्रशिक्षित कार्यकर्ता मतदाता-सूची की निगरानी और मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता बनाए रखने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

### मध्य प्रदेश की इन सीटों सहित कुछ और पर है निगाहें

**शाजापुर:** कांग्रेस उम्मीदवार 28 वोटों के अंतर से हार गए।

**धारमपुरी:** यहां कांग्रेस को 356 वोटों के मामूली अंतर से हार मिली।

**नीवास:** भाजपा के केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को कांग्रेस के उम्मीदवार से 9,723 वोटों से हार मिली।

# भारत-ईयू के बीच जल्द एफटीए ग्रीस पीएम ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



- ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोताकिस और पीएम मोदी के बीच हुई फोन पर बातचीत

वैश्विक संघर्षों और टैरिफ संकट की चुनौती के बीच शुक्रवार को ग्रीस (यूनान) के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने पीएम नरेंद्र मोदी को फोन कर उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। जिस पर पीएम ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। दोनों शीर्ष नेताओं ने बातचीत के दौरान द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों जैसे व्यापार, निवेश, तकनीक, शिपिंग, रक्षा, सुरक्षा, कनेक्टिविटी और आमजन के बीच संबंधों से जुड़े हुए घटनाक्रम का स्वागत किया। साथ ही भारत-ग्रीस सामरिक साझेदारी को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही इनकी वार्ता में साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि भारत और ग्रीस से बढ़ते संबंध एक प्रकार से ग्रीस की मौजूदगी वाले भूमध्य सागर के इलाके में चीन की अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों के साथ ही पाकिस्तान, अजरबैजान और तुर्किये के त्रिपक्षीय गठजोड़ की काट के दृष्टिकोण से भी काफी अहमियत रखते हैं।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**राजधानी परियोजना संगाग, नवा रायपुर अटल नगर**

**:: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::**

विज्ञापन क्र.- 86

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर अंतर्गत अटल विहार योजना, गोबरा नवापारा, अभनपुर जिला रायपुर आवासीय कालोनी के ओपन स्पेस में उद्यान विकास कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है तथा अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, राजधानी परियोजना संभाग, नवा रायपुर अटल नगर के फोन नं. 9424209041 पर संपर्क करें।

S-45307/1 कार्यपालन अभियंता

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.**

**e-Procurement Tender Notice**

e-Tender Ref No-8/RCD/Daltonganj/2025-26/849 Dated: 18.09.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Strengthning-Widening/Reconstruction of 2 Lane with Paved shoulder Daltonganj ROB to North Koel Semra Mines From Km 0.00 to 15.150 Under Road Division Daltonganj for the year 2025-26 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 81,52,77,892.00 (Rupees Eighty One Crore Fifty Two Lacs Seventy Seven Thousand Eight Hundred Ninety Two Rupees) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 81,52,779.00 (Rupees Eighty One Lacs Fifty Two Thousand Seven Hundred Seventy Nine) Only. |
| 4. | Time of Completion | 18 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 27.09.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 18.10.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 21.10.2025, 12:30 PM |
| 8. | Pre Bid Meeting Date & Time | 06.10.2025 , 15:00 PM |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 11. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 362333 (Road) 25-26 (D)

# 6 साल से निष्क्रिय 474 राजनीतिक दलों का पंजीकरण खत्म

### चुनाव आयोग की गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



चुनाव आयोग ने गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 474 दलों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। आयोग ने यह कदम जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत उठाया है, जिसके अनुसार कोई भी पंजीकृत दल यदि लगातार 6वर्षों तक किसी भी चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेता है तो उसका पंजीकरण रद्द किया जा सकता है। इससे पहले अगस्त में भी आयोग ने 334 राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन समाप्त किया था। इस प्रकार अगस्त से अब तक कुल 808 दलों की मान्यता खत्म हो चुकी है। चुनाव आयोग का कहना है कि कई पंजीकृत राजनीतिक दल पिछले छह वर्षों से किसी भी चुनाव में भाग नहीं ले रहे थे, बावजूद इसके वे टैक्स छूट सहित अन्य सुविधाओं का लाभ उठा रहे थे। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह छूट केवल सक्रिय राजनीतिक दलों के लिए ही होती है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गोड्डा**
(Email I.D- eebcdgodda@gmail.com / eengbcdgodda-jhr@nic.in)

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणवश **e-Tender Reference No:- BCD/EE/08/Godda/2025-26, Date-29.08.2025 PR No.-360784 Building(25-26)D** के द्वारा आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा में निम्नलिखित को संशोधन किया जाता है :–

| | पूर्व की तिथि / समय | संशोधित तिथि / समय |
|---|---|---|
| वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि / समय | दिनांकः– 18.09.2025 समय :– 11:00 AM | दिनांकः– 25.09.2024 समय :– 03:00 PM |
| बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | दिनांकः– 25.09.2025 समय :– 11:00 AM | दिनांकः– 07.10.2025 समय :– 03:00 PM |
| निविदा खोलने की तिथि / समय | दिनांकः– 26.09.2025 समय :– 12:00 PM | दिनांकः– 08.10.2025 समय :– 04:00 PM |

शेष यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, गोड्डा

PR 362313 Building(25-26)#D

**THROUGH HUMANITY TO PEACE**
**Indian Redcross Society**
**CHHATTISGARH STATE BRANCH, RAIPUR**
(Constituted Under Act XV Of 1920)
Red Cross Bhavan, First Floor, Collectorate Premises, Raipur (C.G.) 492001
Phone: 0771-2435400, cgredcross.org, Email- ircschhattisgarh@gmail.com

**// निविदा आमंत्रण (Tender Notice) //**

विज्ञापन संख्याः 1847 दिनांकः 19/09/2025

**हेल्थ एटीएम मशीन खरीदने हेतु निविदा आमंत्रण**

इस कार्यालय द्वारा 05 नग "हेल्थ एटीएम मशीन" क्रय हेतु दिनांक 23/07/2025 को जारी निविदा क्रमांक 1002 निरस्त करते हुए पुनः द्वितीय निविदा आमंत्रण जारी किया जा रहा है। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छ.ग. राज्य शाखा, रायपुर के लिये 05 नग "हेल्थ एटीएम मशीन" क्रय कार्य हेतु राज्य/राष्ट्रीय स्तर के निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से सीलबंद निविदा आमंत्रित हैं। निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित राशि 2000/- रु. मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट सचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा, रायपुर के नाम पर तैयार कर निविदा प्रपत्र रेडक्रॉस राज्य कार्यालय से कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 13/10/2025
निविदा खोलने की तिथिः 15/10/2025
निविदा खोलने की तिथि एवं समय में आकस्मिक कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सूचना कार्यलय के सूचना पटल में चस्पा कर दी जायेगी।

सेक्रेटरी,
इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी,
छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर
मो. 94255 04447

**दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय**
**अंजोरा, दुर्ग (छत्तीसगढ़) 491001**
DAU SHRI VASUDEV CHANDRAKAR KAMDHENU VISHWAVIDYALAYA
ANJORA, DURG (CHHATTISGARH) 491001
(website - registrar.dsvckvdurg.ac.in)

No. Estt.1/ 129(11)/Advt./ 2025/1133 Durg, Dated: 16/09/2025

**// Advertisement Cancellation Notification //**

Applications form were invited for various Teaching posts (Professor, Associate Professor. Assistant Professor and Assistant Librarian in the constituent Colleges/Centers/Vety. Polytechnics of Dau Shri Vasudev Chandrakar Kamdhenu Vishwavidyalaya, Durg. vide Advertisement No. Estt.1/Advt./129(8)/2023/ 815 dated 13/07/2023. The above advertisement is hereby cancelled with immediate.

S- 45308/1 REGISTRAR

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**:: ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

निआसू क्रमांक 17, 18/वलेलि / 2025-26 जगदलपुर, दिनांक 19/09/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत **सक्षम श्रेणी** में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | अमानत राशि | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 175827 | जिला एवं विकासखंड बस्तर के ग्राम सिवनी के समीप नारंगी नदी पर सिवनी एनीकट सह रपटा का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 571.86 लाख | 2.86 लाख | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 175832 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के मंगनार तालाब का सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग सहित जीर्णोद्धार कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 290.00 लाख | 1.50 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 26.09.2025 17:31 Hours
2. स. क्र. 01 के लिए बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 06.10.2025 17:30 Hours
स. क्र. 02 के लिए बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 10.10.2025 17:30 Hours

**रिमार्कः**- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 26.09.2025 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

कार्यपालन अभियन्ता
टी.डी.पी.पी. जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-252603623/3

**नगरसेना, अग्निशमन, आपातकालीन सेवाऐं,**
**तथा राज्य आपदामोचन बल, मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर 19 नवा रायपुर**

**:: शुद्धि-पत्र ::**

क्रमांक/ 472/स्था.3/अग्निशमन भर्ती/2025 नवा रायपुर दिनांक 17-09-2025

नगर सेना, अग्निशमन, आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर 19 नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा अग्निशमन कर्मियों की भर्ती हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 713 / स्था. / भर्ती / 2025 रायपुर दिनांक 12.06.2025 के अंतर्गत स्टेशन ऑफिसर (उप-निरीक्षक) वेतन मैट्रिक्स लेबल-7 के कुल 21 पद भर्ती हेतु विज्ञापित किये गये है।

उक्त संबंध में यह शुद्धि पत्र जारी किया जाता है कि विज्ञापित पद स्टेशन ऑफिसर / क्यूएम / एमटीओ / इंस्पेक्टर / कंपनी कमाण्डर का पद नहीं है, क्योंकि स्टेशन ऑफिसर / क्यूएम / एमटीओ / इंस्पेक्टर / कंपनी कमाण्डर का पद भर्ती नियम अनुसार 100% पदोन्नति का पद है एवं इसका वेतन मैट्रिक्स लेबल-9 है एवं इस वर्ग के अधिकारी ए एव बी श्रेणी के प्रभारी (स्टेशन ऑफिसर) होते हैं। (छ.ग.अग्निशमन भर्ती नियम अनुसूची दो क्रमांक 01 एवं 02 अनुसार) जबकि विज्ञापन में उप-निरीक्षक का उल्लेख किया गया है।

विज्ञापित पद वस्तुतः फायर ऑफिसर का पद है, जो प्लाटून कमाण्डर/ उपनिरीक्षक (सब-इस्पेक्टर रैंक) का है तथा इसका वेतन मैट्रिक्स लेबल-7 है, जैसा कि विज्ञापन में दर्शाया गया है, साथ ही भर्ती नियम अनुसूची तीन के क्रमांक 01 अनुसार विज्ञापित पद की शैक्षणिक अर्हता "किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अग्निशमन में बी. एस.सी./ बी.ई. की उपाधि या उसके समकक्ष" है, जिसे भी विज्ञापन में दर्शित किया गया है एवं इस वर्ग के अधिकारी सी एवं डी श्रेणी के प्रभारी (स्टेशन ऑफिसर) होते हैं। (छ.ग.अग्निशमन सेवा पद- संरचना स्वीकृति आदेश दिनांक 04.09.2018 एवं 23.06.2020 अनुसार) भर्ती विज्ञापन में स्टेशन ऑफिसर का उल्लेख सी एवं डी श्रेणी के परिपेक्ष्य में किया गया है, जिसे फायर ऑफिसर प्लाटून कमाण्डर/ उपनिरीक्षक, (सब-इस्पेक्टर रैंक) पढ़ा एवं समझा जावे।

महानिदेशक
नगरसेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं
तथा एसडीआरएफ, मुख्यालय छत्तीसगढ़

G-252603624/3

**बिहार सरकार**

**समाहर्त्ता का न्यायालय, जमुई**
**अल्पकालीन नोटिस**

बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2021 के तहत समाहर्त्ता का न्यायालय, जमुई में चल रहे निम्नांकित अधिहरण वाद में जप्त वाहन का अधिहरण किये जाने की सुनवाई चल रही है, जिसकी पूर्ण विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद सं0 / वर्ष | थाना का नाम | थाना कांड सं0 / वर्ष | अधिहरण की जाने वाली वाहनों का विवरण | वाहन स्वामी का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 29/2024-25 | Sono | 149/22 | Truck Reg. No. CG 15AC 6686 | Pappu Kumar, S/O - Birendra Rai, Address- Chapra Khatal Darka, Ranchi JH T/A Mehandi Hasan, P.S. – Khurd Ghughari Dipadih, District- Surguja, Pin Code-497118, State- Chhattisgarh |

उपरोक्त कॉलम–5 में अंकित वाहन के वाहन स्वामी को अपने दावे से संबंधित कागजातों / साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का नोटिस दिया गया है। नोटिस का तामिला भी प्राप्त है, परन्तु सुनवाई हेतु निर्धारित अनेक तिथियों पर वे लगातार अनुपस्थित रहे हैं।

वर्णित स्थिति में वजरिये नोटिस कॉलम–5 में अंकित वाहन के वाहन स्वामी को सूचित किया जाता है कि वे अपने दावे से संबंधित सम्पूर्ण कागजातों एवं साक्ष्यों के साथ सुनवाई हेतु अंतिम रूप से निर्धारित तिथि – 23.09.2025 अथवा 26.09.2025 को 03:30 बजे अपराहन में समाहर्त्ता का न्यायालय, जमुई में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें और वाहन पर खनन विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा अधिरोपित शमन की राशि का भुगतान कर अपना वाहन मुक्त करा लें। उक्त तिथि पर अनुपस्थित रहने पर यह समझा जायेगा कि उन्हें इस संबंध में कुछ भी नहीं कहना है तथा एकपक्षीय निर्णय लेते हुए जप्त वाहन के vधिहरण / नीलामी का आदेश पारित कर दिया जायेगा एवं इस संबंध में सम्पूर्ण जवाबदेही वाहन स्वामी की होगी।

इसे अंतिम ताकीद समझें।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता,
जमुई

PR. No. 015218 (District) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# यूएस-ब्रिटेन-फ्रांस ने बीएलए पर बैन लगाने पर लगाया अड़ंगा



**नई दिल्ली।** अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और मजीद ब्रिगेड पर प्रतिबंध लगाने के पाकिस्तान और चीन के संयुक्त प्रयास पर पानी फेर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में बीएलए और मजीद ब्रिगेड पर प्रतिबंध लगाने की पाकिस्तान और चीन के संयुक्त प्रस्ताव पर इन तीनों देशों ने अडंगा डाल दिया है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब अमेरिका ने पिछले महीने ही बीएलए और मजदी को आतंकी संगठन घोषित किया था। संयुक्त राष्ट्र की 1267 व्यवस्था के तहत बीएलए और इसकी आत्मघाती इकाई मजीद ब्रिगेड पर प्रतिबंध लगाने की संयुक्त बोली को रोकते हुए अमेरिका और उसके सहयोगियों ने कहा कि इन समूहों को अलकायदा या आईएसआईएल से जोड़ने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**
**(D.M.F.T. मद)**

ई–निविदा संख्या :– 06/2025-26/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 19.09.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR /10/2025-26 | लातेहार | पंचायत भुसूर में Integrated Sport – cum-knowledge center में पथ निर्माण कार्य। भाग – I | 365.808 | रू0 तीन करोड़ पैंसठ लाख अस्सी हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 12 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR /11/2025-26 | लातेहार | पंचायत भुसूर में Integrated Sport – cum-knowledge center में पथ निर्माण कार्य। भाग – II | 466.606 | रू0 चार करोड़ छियासठ लाख साठ हजार छः सौ रूपये मात्र। | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 27.09.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.10.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.10.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
6. संवेदक पर जिलान्तर्गत किसी भी योजना का कार्य लंबित रहने पर उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
7. एक संवेदक को एक वित्तीय वर्ष में इस मद का एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR.NO.362371 REO(25-26):D

### बिहार के बाद अब बंगाल में भी एसआईआर की तैयारी, यहां 6 अक्टूबर के बाद आएगी बारी

**कोलकाता।** एक तरफ बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर पहले ही बवाल मचा हुआ है तो वहीं खबर है कि अब पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर की तैयारियां शुरू हो गई है। पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी ने लक्ष्मी पूजा (6 अक्टूबर) के बाद राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सीईओ कार्यालय के सूत्रों के अनुसार यह प्रक्रिया पूरे देश में होगी। बंगाल में 2002 के एसआईआर आंकड़ों का जनवरी 2025 की मतदाता सूची से मिलान कल पूरा हो जाएगा। इससे पहले, पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी है।

**Directorate of Urban Administration & Development Technical Cell, Indravati Bhawan, Nava Raipur (C.G.)**

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No:-/TC/UAD/2025-26/8151 Raipur Dated:-18/09/2025

| S.N. | System Tender No. | Name of Work/Description of Work |
|---|---|---|
| 01 | 176108 | "RFP for Selection of Consultancy Firm for Providing Comprehensive Architectural Consultancy, Preparing Master Plan, Designing, Estimation and Project Management Consultancy for construction of office building of UADD Cum National Urban Management Institute" |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http:// eproc.cgstate.gov.in 18.09.2025,Time 18.00 Hours. (IST) on wards. & Last date for Online Bid Submission is 10.10.2025, Up to 16:00 Hours. Physical envelope containing original FDR and affidavit shall reach to this office on or before 13.10.2025, 16:30 Hours by speed post only.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Engineer
Urban Administration &
Development Nava Raipur

G-252603620/1

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**// निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 224/175303 | S/R, Mow & Deposite Work's In Mekahara Section Under Construction Sub Division No.-02 At - Raipur (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रु. 50.00 लाख |
| 225/175304 | S/R, Mow & Deposite Work's In Medical College Section Under Construction Sub Division No.-02 At -Raipur (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रु. 50.00 लाख |
| 200/175703 | W.M.M. & B.T. Patch Repair POT Holes and other Maintenance Work To Various Village Roads Arang, Mandir Hasoud Section & Chandkhuri Section Under Survey Sub Division, Raipur. (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 35.00 लाख |
| 204/175704 | Annual Maintenance Item for The Year 2025-26, Wmm & Bt Patch Repair Work at other District Roads and Rural Roads Under Sub Division-1 Division No-1 Raipur CG (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 34.98 लाख |

एन.आई.टी. क्र.224 सिस्टम टेन्डर नं. 175303 एवं एन.आई.टी. क्र.225 सिस्टम टेन्डर नं. 175304 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 08.10.2025 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 200 सिस्टम टेन्डर नं. 175703 एवं एन.आई.टी. क्र.204 सिस्टम टेन्डर नं.175704 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 03.10.2025 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता, लोक
निर्माण विभाग, रायपुर मंडल
क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

G-252603610/2

# विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूसरे वनडे में रिकॉर्ड जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम 20 सितंबर को तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली वनडे श्रृंखला जीतकर विश्व कप से पहले अपनी उम्मीदों को पंख लगाने की कोशिश करेगी। भारतीय महिला टीम अभी तक द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाई है और अगर वह यहां जीत हासिल करने में सफल रहती है तो इससे उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**महिला क्रिकेट**

- 30 सितंबर से शुरू हो रहा विश्व कप
- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा एकदिवसीय मैच आज 1.30 बजे से



### अरुंधति को शामिल करना भारत के लिए अच्छा

स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और क्रांति गौड़ ने ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जबकि स्पिनरों ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा। तेज गेंदबाजी में तीसरे विकल्प के रूप में अरुंधति रेड्डी को शामिल करना भी भारत के लिए अच्छा रहा। लेकिन मेजबान टीम के एक बार फिर अलग संयोजन के साथ उतरने की उम्मीद है।

### हर विभाग में करना होगा अच्छा प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया को हराना हालांकि इतना आसान काम नहीं है और अगर भारत को इतिहास रचना है तो उसे खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे मैच में 102 रन से जीत हासिल की, जो रनों के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार थी। यह भारत की भी ऑस्ट्रेलिया पर 12 मैचों में पहली जीत थी।

### दूसरे मैच में भारत ने छोड़े छह कैच

भारतीय टीम की कुछ कमजोरियां भी हालांकि इनमें उजागर हुई। इसमें खराब फील्डिंग भी शामिल है। दूसरे मैच में उन्होंने छह कैच छोड़े और इस तरह से भारतीय टीम दो मैच में 10 कैच छोड़ चुकी है। इनमें से अधिकतर कैच बहुत आसान थे। भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है, जो चिंता का विषय है। दूसरे मैच में हालांकि गेंदबाजों ने अच्छे मौके बनाए, जो टीम के लिए सकारात्मक पहलू है।




### ऑस्ट्रेलिया वापसी के लिए बेताब

इस बीच ऑस्ट्रेलिया वापसी के लिए बेताब होगा। उसकी कप्तान एलिसा हीली ने स्वीकार किया कि दूसरे वनडे में उनकी टीम खेल के हर विभाग में नाकाम रही। आठ बार की विश्व चैंपियन टीम अपनी कमियों को दूर करने के साथ-साथ भारत की भीषण गर्मी से सामंजस्य बिठाने के लिए भी उत्सुक होगी। यह हार ऑस्ट्रेलिया के लिए एक झटका थी, जो फरवरी 2024 में दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद से 13 एकदिवसीय मैचों में अजेय रही थी। ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप से पहले अपने विजय अभियान पर लौटने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी और इसलिए भारतीय टीम को बेहद सतर्क होकर खेलना होगा।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), उमा छेत्री, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, तेजल हसब्निस, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, श्रीचरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ, डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## खबर संक्षेप




### स्पीड स्केटर राज ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर स्पीड स्केटर अनीश राज ने चीन के बेइदैहे में हुई 73वीं इनलाइन स्पीड विश्व चैंपियनशिप में जूनियर पुरुषों के वन लैप रोड स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। अनीश ने 39.714 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन में 13 से 21 सितंबर तक चल रहे टूर्नामेंट में 42 देशों के प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। भारत के 19 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में भाग लिया।

### फेडेक्स ओपन : अहलावत की धीमी शुरुआत

**पेरिस।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने फेडेक्स ओपन डी फ्रांस में अपने अभियान की शुरुआत इवन पार 71 के राउंड के साथ की और वह डीपी वर्ल्ड टूर की गोल्फ डी सेंट-नोम-ला-ब्रेटेचे में खेली जा रही इस प्रतियोगिता के पहले राउंड के बाद संयुक्त 71वें पर हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी शुभंकर शर्मा पहले राउंड में ही लड़खड़ा गए और अब उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने दो ओवर 74 का स्कोर बनाया और वह 127वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के मार्कस आर्मिटेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले राउंड के बाद बढ़त बना ली। उन्होंने छठे और 15वें होल के बीच 10 होल में आठ बर्डी बनाई और 17वें होल पर बोगी के बावजूद दो स्ट्रोक की बढ़त बनाए रखी।

### टूर्नामेंट छोड़कर स्वदेश लौटे ऑलराउंडर वेल्लालागे

**अबुधाबी।** श्रीलंका के दुनीथ वेल्लालागे अपने पिता सुरंगा के निधन के कारण एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के बीच से लौट गए हैं। उनके पिता का निधन गुरुवार को हुआ। उसी दिन यह ऑलराउंडर अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी लीग मैच खेल रहा था। वेल्लालागे को अपने पिता के निधन की खबर मैच के बाद ही पता चली और वह सबसे पहले उपलब्ध उड़ान से कोलंबो के लिए रवाना हो गए। सुरंगा का दिल का दौरा पड़ने से 54 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। यह स्पष्ट नहीं है कि यह 22 वर्षीय खिलाड़ी टूर्नामेंट में वापसी करेगा या नहीं। श्रीलंका सुपर 4 में अपना पहला मैच शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद उसका सामना 23 सितंबर को पाकिस्तान से और 26 सितंबर को भारत से होगा।

# भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक, रोमांचक मुकाबले में ओमान को 21 रनों से हराया

**संजू ने 45 गेंद में बनाए 56 रन, लगाए 3 चौके और 3 छक्के**

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

एशिया कप का 12वां मुकाबला भारत और ओमान के बीच शेख जायद स्टेडियम अबू धाबी में खेला गया। यह इस टूर्नामेंट का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच था, जहां टीम इंडिया ने 21 रनों से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 188 रनों का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान की टीम 167 रनों तक पहुंच गई। ओमान के लिए आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा ने अर्धशतक लगाते हुए मैच को रोमांचक बनाया। यह इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया की लगातार तीसरी जीत है। भारत इस एशिया कप में अभी तक एक भी मैच नहीं हारा है।

भारतीय टीम ने इस मैच में एशिया कप 2025 का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया था। आमिर कालीन ने 46 गेंद में 64 रन बनाए। वहीं हम्माद मिर्जा ने उनसे भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए मात्र 30 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। ओमान को आखिरी 3 ओवरों में जीत के लिए 48 रन बनाने थे। कलीम ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर बढ़िया शॉट लगाया, लेकिन बाउंड्री पर हार्दिक पांड्या ने जबरदस्त कैच लपक कर मैच बहुत हद तक भारत की झोली में डाल दिया। ओमान टीम के प्रदर्शन से एक समय ऐसा लगा की भारत उलटफेर का शिकार हो सकता है। वहीं भारत के लिए संजू सैमसन (45 गेंद में 56 रन) की पारी खेली। तिलक वर्मा (18 गेंद में 29 रन) ने भी स्कोर बढ़ाने में योगदान दिया। वहीं अभिषेक ने फिर से 15 गेंद में 38 रन की तेज पारी खेली।



### भारत का टी20 इंटरनेशनल का 250वां मुकाबला

ओमान के खिलाफ मैच भारतीय टीम का टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 250वां मुकाबला है। भारतीय टीम सिर्फ ऐसी दूसरी टीम बनी है, जिसने टी20इंटरनेशनल क्रिकेट में 250 या उससे ज्यादा मुकाबले खेले हैं। पाकिस्तानी टीम ने अभी तक टी20इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 275 मैच खेले हैं। अब भारतीय टीम ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने अभी तक टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 249 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 166 में जीत दर्ज की है और 71 में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं 6 मैच टाई रहे हैं और 6 मैचों का कोई भी नतीजा नहीं निकला।

### मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में 50 प्लस की पारी खेलने वाले पहले भारतीय बने सैमसन

ओमान के खिलाफ मैच में संजू सैमसन को बल्लेबाजी के लिए तीसरे नंबर पर उतारा गया। इस दौरान उन्होंने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर भारत के लिए अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने 45 गेंदों पर 3 छक्के और 3 चौकों की मदद से 56 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 124.44 का रहा। संजू ने अपनी इस पारी से कमाल कर दिया और वो भारत की तरफ से किसी भी टी20 मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में 50 रन की पारी खेलने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए।

### कलीम ने बनाया रिकॉर्ड

ओमान के आमिर कलीम टी20 एशिया कप इतिहास में फिफ्टी लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने यह कारनामा 43 साल 303 दिन की उम्र में किया है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का शुक्ला बो रामानंदी | 38 | 15 | 5 | 2 |
| गिल बो शाह फैसल | 05 | 8 | 1 | 0 |
| सैमसन का बिष्ट बो शाह फैसल | 56 | 45 | 3 | 3 |
| पंड्या रन आउट | 01 | 1 | 0 | 0 |
| पटेल का शुक्ला बो आमिर कलीम | 26 | 13 | 3 | 1 |
| दुबे का जतिंदर बो आमिर कलीम | 05 | 8 | 0 | 0 |
| वर्मा का जिक्रिया बो रामानंदी | 29 | 18 | 1 | 2 |
| हर्षित राणा नाबाद | 13 | 8 | 0 | 1 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 01 | 1 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 20 ओवर में 188/8 रन
गेंदबाजी : शकील अहमद 3-0-33-0, शाह फैसल 4-1-23-2, मोहम्मद नदीम 1-0-19-0, जितेन रामानंदी 4-0-33-2, समय श्रीवास्तव 2-0-23-0, जिक्रिया इस्लाम 3-0-23-0, आमिर कलीम 3-0-31-2

| ओमान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जतिंदर सिंह बो कुलदीप यादव | 32 | 33 | 5 | 0 |
| कलीम का पंड्या बो हर्षित राणा | 64 | 46 | 7 | 2 |
| हम्माद मिर्जा का सब बो पंड्या | 51 | 33 | 5 | 2 |
| जिक्रिया इस्लाम नाबाद | 00 | 2 | 0 | 0 |
| विनायक बो सब बो अर्शदीप सिंह | 01 | 2 | 0 | 0 |
| जितेन रामानंदी नाबाद | 12 | 5 | 3 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में चार विकेट पर 167 रन
गेंदबाजी : हार्दिक पंड्या 4-0-26-1, अर्शदीप सिंह 4-0-37-1, हर्षित राणा 3-0-25-1, कुलदीप यादव 3-0-23-1, अक्षर पटेल 1-0-4-0, शिवम दुबे 3-0-31-0, तिलक वर्मा 1-0-8-0, अभिषेक शर्मा 1-0-12-0

# आन के खिलाफ सिंधू की लगातार 8वीं हार

एजेंसी ▶▶| शेनझेन

शटलर पीवी सिंधु का विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में इस कोरियाई खिलाड़ी से सीधे गेम में हार गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली 23 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 14-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू की आन के खिलाफ यह लगातार आठवीं हार थी। वह कोरिया की खिलाड़ी के खिलाफ अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई हैं।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
अंचल कार्यालय, रायपुर (छ.ग.)
**अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु बिक्री सूचना का संशोधन**
दिनांक 05.09.2025 को हरिभूमि - रायपुर संस्करण में प्रकाशित ई-नीलामी बिक्री सूचना जो दिनांक 25.09.2025 एवं 10.10.2025 को आयोजित होने वाली है, संख्या क्रमांक- 1, उधारकर्ता- मेसर्स शंकर केमिकल्स एंड ट्रेडिंग कंपनी, संपत्ति आईडी क्रमांक IDIB30548484676A एवं IDIB30548484676B के लिए ई-नीलामी की तिथिः 25.09.2025 के स्थान पर 24.09.2025 पढ़ा/माना जावें.
*अन्य विवरण यथावत रहेंगे.
प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# एशिया कप : श्रीलंका की जीत की लय जारी, बांग्लादेश कर सकता है पलटवार

एजेंसी ▶▶| दुबई

ग्रुप बी में अपने सभी मैच जीत कर उत्साह से भरी श्रीलंका की टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार 20 सितंबर को होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। चरिथ असलांका के कुशल नेतृत्व में, श्रीलंकाई टीम ग्रुप बी में तीन मैचों में जीत के साथ शीर्ष पर रही। बांग्लादेश ने दूसरे स्थान पर रहकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीलंका ने बांग्लादेश को छह विकेट से पराजित किया और फिर उसके बाद हांगकांग और अफगानिस्तान को क्रमशः चार और छह विकेट से हराया।



### श्रीलंका के लिए कमजोर मध्यक्रम चिंता का विषय

श्रीलंका की बल्लेबाजी का हालांकि अचानक पतन हो जाता है जैसा कि हांगकांग के खिलाफ हुआ था जब पथुम निसांका के अर्धशतक के बाद वह एक समय हार के कगार पर पहुंच गया था। श्रीलंका के लिए कमजोर मध्यक्रम मुख्य चिंता का विषय है। निसांका ने श्रीलंका के लिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन मैचों में दो अर्द्धशतकों सहित 124 रन बनाए है। श्रीलंका को उनसे फिर से अच्छी शुरुआत की दरकार होगी। पहले दो मैच में असफल रहने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अफगानिस्तान के खिलाफ 52 गेंदों पर 74 रन की आक्रामक पारी खेली, जिससे श्रीलंकाई टीम काफी खुश होगी। बाएं हाथ के बल्लेबाज कामिल मिशारा भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन श्रीलंका को मध्यक्रम में कप्तान असलांका, कुसल परेरा और दासुन शनाका से उपयोगी योगदान की उम्मीद होगी।

**श्रीलंका :** चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कुसल परेरा, नुवानीदु फर्नांडो, कामिंदु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

**बांग्लादेश :** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।




**वर्ल्ड चैंपियनशिप के बाद नीरज चोपड़ा का खुलासा**

# महीने की शुरुआत से ही परेशान कर रहा था बैक पैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहना उनके लिए सत्र के अंत की उम्मीद के अनुरुप नहीं था लेकिन वह ब्रेक के बाद दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछली बार के चैंपियन चोपड़ा गुरुवार को टोकियो में 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए। इस दौरान वह पीठ दर्द से परेशान रहे। उन्होंने बाद में खुलासा किया कि पीठ की समस्या इस महीने की शुरुआत से ही उन्हें परेशान कर रही थी, लेकिन वह इसे अपने खराब प्रदर्शन का कारण नहीं बताना चाहते थे। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहे सचिन यादव की सराहना की, जिन्होंने 86.27 मीटर की शानदार थ्रो के साथ उनसे बेहतर प्रदर्शन किया और चौथे स्थान पर रहे।

### उम्मीद नहीं थी कि सत्र का अंत ऐसा होगा, लेकिन दमदार वापसी करूंगा




### वह मेरा दिन नहीं था : चोपड़ा

चोपड़ा ने एक्स पर लिखा, 'मैंने टोकियो में विश्व चैंपियनशिप के साथ सत्र का इस तरह से अंत करने की उम्मीद नहीं की थी। मैं सभी चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था, लेकिन वह मेरा दिन नहीं था।' उन्होंने कहा, 'मैं सचिन के लिए बहुत खुश हूं, जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह लगभग पदक जीत ही गए थे।' स्वर्ण पदक त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कोट (88.16 मीटर) को मिला। उनके बाद ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (86.67 मीटर) का स्थान रहा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय चोपड़ा ने अधिक मजबूती हासिल करके दमदार वापसी करने का वादा किया।




HDFC BANK
FESTIVE TREATS Get instant discount up to ₹10,000* on your credit card EMI & on select cards*.
pine labs Our platform, your move.

TOLL FREE NO. 1800-266-0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. #Compared to all scooters in the 125cc segment as per internal testing. ##Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. ¥As per internal benchmarking of 125cc scooters in India under standard conditions. Actual mileage may vary based on road and riding conditions. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *T&C apply. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलौदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, मिश्रौलीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, डुमरतराईः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, पटेवाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंडरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पदरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनारः अंशु ऑटो, 6261421161, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com